# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। बुधवार 07 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 299 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का हुआ लोकसभा में पहला सम्बोधन

# 6 अगस्त की तारीख रहेगी यादगार जब सांसद ने कहा श्वान खतरे पर दे सरकार ध्यान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग विधानसभा वाली पारी खेलकर अब लोकसभा पहुंचे हैं। यहां उन्होंने शपथ ग्रहण के दिन ही अपने नारायी अंदाज से सदन को जता दिया था कि हम अतुल गर्ग हैं और गाजियाबाद से लोकसभा सांसद हैं। 6 अगस्त 2024 का दिन सांसद अतुल गर्ग के लिए यादगार दिन रहा क्योंकि 6 अगस्त को सांसद के रूप में लोकसभा में अपना पहला संबोधन दिया। अतुल गर्ग ने शून्य काल में यह सवाल उठाया था और उन्होंने अपने सवाल में पहले पूरे देश के श्वान का आंकड़ा दिया। उन्होंने स्ट्रे डॉग्स की बात की और फिर पूरे डाटा के साथ उन्होंने लोकसभा के सदन में इस मुद्दे को रखा। सांसद अतुल गर्ग जब बोल रहे थे जब सदन में शोर हो रहा था लेकिन उन्होंने अपनी बात को रखा। 3 मिनट 26 सैकण्ड की अवधि में अतुल गर्ग ने श्वान खतरे को लेकर गाजियाबाद का नाम भी लिया और कहा कि इस विषय पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।



### जब बोले अतुल गर्ग माननीय अध्यक्ष जी मैं दिला रहा हूं मार्मिक विषय पर ध्यान

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने यह सवाल उठाया और कहा कि माननीय अध्यक्ष जी मैं आपका ध्यान एक मार्मिक विषय पर दिलाना चाहता हूं। अतुल गर्ग ने कहा कि पूरे देश में एक साल के अंदर तीस लाख लोगों को कुत्तों ने काटा है और इनमें से 286 लोगों की मौत कुत्तों के काटने से हुई है। अतुल गर्ग ने कहा अगर यह आंकड़ा ठीक है तो यह स्थिति गंभीर है। मेरे लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद में ही एक साल में 35 हजार लोग कुत्तों के काटने का शिकार हुए हैं। सोसाइटी में छोटे छोटे बच्चे शिकार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 4 दिन पहले रैबिज के कारण एक मौत का मामला सामने आया। कुछ दिन पहले एक बच्चे का कान ही कुत्ते ने काट लिया। अतुल गर्ग ने कहा कि सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि पशु प्रेमी और मावन की स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनना चाहिए।

### कोर्ट के फैसलों पर हो पुनर्विचार और गठित की जाए दोबारा से कमेटी

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग 6 अगस्त को जिस मुद्दे को लोकसभा में उठा रहे थे वह मुद्दा गंभीर मुद्दा है। अतुल गर्ग पूरे आंकड़ों के साथ थे और उन्होंने कहा कि यदि किसी का पालतू कुत्ता है या किसी का प्राईवेट श्वान है तो उसके लिए उसके पालक को जिम्मेदार ठहराया सकता है। लेकिन यदि कुत्ता आवारा है, स्ट्रीट डॉग है तो किसे जिम्मेदार बताया जायेगा। उन्होंने कहा कि कुत्ता अगर काट ले तो कोई बात नहीं अगर कुत्ते को कुछ कहा जाये तो कुत्ता प्रेमी आ जाते है। उन्होंने कहा कि आतंक का वातावरण है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के कई निर्णयों पर पुर्नविचार होना चाहिए और जिस कमेटी को कुत्तों की नसबंदी के लिए गठित किया गया था उसे कमेटी का पुर्नगठन होना चहिए। क्योंकि कमेटी को कुत्तों की नसबंदी के लिए गठित किया गया था लेकिन यह काम पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कुत्तों के आंतक के कारण बच्चे खेल नहीं पाते हैं और सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

## कार्यभार



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एमएलसी दिनेश गोयल को प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति का सभापति बनाया गया है। सभापति एमएलसी दिनेश गोयल ने लखनऊ विधान भवन में सभापति का कार्यभार ग्रहण किया।

# नगर विकास मंत्री एके शर्मा से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की मुलाकात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लखनऊ में गाजियाबाद वालों का डेरा था। भाजपा की बैठक तिरंगा यात्रा को लेकर थी और ये एक परम्परा है कि अगर गाजियाबाद वाले लखनऊ गये हैं तो फिर नमस्ते कार्यक्रम कई दरवाजों पर हो जाता है। मगर इस बार की लखनऊ मुलाकात एक अलग संदेश लेकर आई है। जन मुद्दों को लेकर संगठन वालों ने विभाग के मंत्री से बात की। जनता के मुद्दों को रखा और सबसे खास बात ये है कि ये दोनों मुद्दें नगर निगम से जुड़े हैं। चुनाव पास है तो दिल की बात जुबान पर आती है। चुनाव पास हैं तो मुद्दों का समाधान दर दावेदार कराना चाहता है। लखनऊ में भी कुछ ऐसा हुआ जब तिरंगा यात्रा का फार्मेट लेने के बाद अपने मन में कई मुद्दों को लेकर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा से बात की। बताया जाता है कि यहां जो विषय रखे गये उनमें सबसे प्रमुख विषय हाऊस टैक्स का था।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने नगर विकास मंत्री के सामने बढ़े हाऊसटैक्स का मामला रखा। उन्हें बताया कि अन्य निगम में ऐसा नहीं है और बढ़े हुए हाऊस टैक्स का बोझ जनता पर अतिरिक्त भार होगा। इसके अलावा भाजपा के महानगर अध्यक्ष ने नगर निगम की उन 1702 दुकानों को बढ़े हुए किराये का मामला उठाया। उन्होंने नगर विकास मंत्री को अवगत कराया कि यह किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं है। किराया अचानक से बढ़ा दिया गया है। उन्हें अवगत कराया कि इस मुद्दें पर सभी दुकानदार आंदोलनरत है वो सरकार से राहत चाहते हैं। वहीं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने तीसरा विषय वित्त आयोग के पैसे का उठाया। उन्होंने कहा कि यदि चौदहवें और पंन्द्रवें वित्त आयोग का पैसा मिल जाये तो गाजियाबाद के विकास को पंख लग सकते हैं। इस पैसे से बहुत सी योजनाओं में गति लाई जा सकती है। इसके अलावा संजीव शर्मा ने बिजली कटौती के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने नगर विकास मंत्री एके शर्मा को अवगत कराया कि गाजियाबाद के प्रताप विहार इलाके में पांच दिन से बिजली नहीं आई है। यह जनता के लिए भी परेशानी का विषय है और ऐसे मामलों से सरकार की छवि भी जनमानस में ठीक नहीं होती है। बताया जाता है कि मंत्री एके शर्मा ने तत्काल ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता की और मामले की पूरी जानकारी ली।



### निकाले जा रहे हैं भगवा कमांडर की इस मुलाकात के चुनावी मायने

करंट क्राइम। आमतौर पर संगठन का काम पार्टी की रणनीति पर चलते हुए काम करना होता है। अगर सरकार भी चल रही है तो भी संगठन वाले अपनी बात को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पहुंचाते हैं। लेकिन जब भगवा कमांडर संजीव शर्मा ने सीधे नगर विकास मंत्री से बात की। तो इसके चुनावी मायने तलाशे जा रहे हैं। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष हैं और यदि वो इस मुलाकात में कार्यकताओं के हाऊस टैक्स का मुद्दा रखते, कार्यकताओं की दुकान का मामला उठाते तो ये माना जाता कि उन्होंने संगठन की दृष्टि से यह कदम उठाया है। लेकिन जब भगवा कमांडर ने नगर विकास मंत्री के सामने जनता से जुड़ें मुद्दे उठाये और राहत देने की बात की तो इसके चुनावी मायने तलाशे जा रहे हैं। संजीव शर्मा का नाम शहर सीट पर दावेदारों में चल रहा है और उन्होंने जिन दुकानों के किराये का मामला उठाया है उन दुकानों की एक बड़ी संख्या शहर विधानसभा क्षेत्र में है। इसी सीट पर उपचुनाव होना है और संजीव शर्मा ने यहीं पर दुकानों के बढ़े किराये को माफ करने की मांग की है वो चाहते हैं कि हाऊस टैक्स ना बढ़े। अब संजीव शर्मा ने किसलिए ये बात रखी ये तो वो बेहतर जानते हैं लेकिन सियासत वाले इन बातों के चुनावी अर्थ तलाश रहे हैं। संगठन वाले अगर जनता की बात लेकर मंत्री के दरवाजे पर हैं तो चुनावी माहौल में ये चर्चा का विषय बनना स्वभाविक है।

# हिंडन एयरबेस की बढ़ाई गई सुरक्षा राफेल विमान से रखी जा रही है निगरानी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय वायु सेवा का हिंडन एयरफोर्स स्टेशन में बना एयरबेस इन दिनों देश ही नहीं दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

वजह बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना का यहां बीते दो दिनों से सेफ हाउस में रहना बताया जा रहा है। वहीं उनकी बहन रेहाना ने भी बांग्लादेश छोड़ दिया है और वह मिलिट्री के प्लेन से भारत पहुंच गई है। इसी के साथ उनकी बेटी की भी शेख से यहीं पर मुलाकात की खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि हिंडन एयरबेस में वह हसीन से मुलाकात भी करेंगी। बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना को गाजियाबाद का हिंडन एयर बेस सुरक्षा दे रहा है, इसीलिए यहां की हवाई सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों के हवाले से जानकारी है कि हिंडन एयरबेस के प्रमुख गेट और सुरक्षा वाले खास बकरों में वायु सेवा के जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है।

वहीं विशेष चौकसी भी रखी जा रही है। हर गतिविधि पर नजरें रखने के लिए नाइट विजन कैमरों का इस्तेमाल भी हो रहा है।

**- मुख्य गेट और सभी बंकरों पर बढ़ाए गए सुरक्षाकर्मी**

**- लाइट विजन कैमरों से रखी जा रही है निगरानी**

### मुख्य गेट के एंट्री पॉइंट पर बढ़ाई गई सुरक्षा

करंट क्राइम : भारत सरकार की कई प्रमुख एजेंसियों के खुफिया तंत्र और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार हिंडन एयरबेस के मुख्य अधिकारियों से संपर्क करने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना और उनके परिवार वालों का यहां उनसे मिलने आना बताया जा रहा है। वहीं हिंडन स्थित एयर फोर्स स्टेशन व एयरबेस के लिए जो एंट्री पॉइंट है, वहां की सुरक्षा को पहले से और ज्यादा पुख्ता और टाइट कर दिया गया है।

### राफेल से हवाई सुरक्षा, तो बंकरों पर गरुड़ कमांडो तैनात



करंट क्राइम । हिंडन एयरबेस भारतीय वायु सेवा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण फायर स्टेशन है। यहां भारतीय वायु सेवा के कई युद्धक विमान, कई भारतीय हमलावर विमान के साथ ही सुपर हरक्यूलिस सी-130सी, 17 ग्लोब मास्टर के साथ ही कई बेहद हाई सिक्योरिटी वाली रडार और विमान का बेस कैंप होने की वजह से सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। वहीं बांग्लादेश की पूर्व राष्ट्रपति शेख हसीना का यहां सुरक्षा कैंप बना है, तो भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने राफेल विमान से हसीना के विमान को सुरक्षा कवच प्रदान करने का काम किया है। इसके साथ ही मुख्य गेट से लेकर प्रमुख बंकरों पर भारतीय वायु सेवा के सबसे प्रमुख गरुड़ कमांडो को तैनाती प्रदान की गई है। हालांकि यह पूरा प्लान बेहद गोपनीय रखा गया है।

# 'पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने उठा दिए जीडीए की नवीन आवासीय योजना हरनंदीपुरम के नाम पर सवाल'

**जीडीए की बोर्ड बैठक में फैसला हुआ है कि जो नया गाजियाबाद बसाया जाएगा, उसका नाम हरनन्दीपुरम रखा जाएगा।**



**मुझे हरनन्दी नाम से भी कोई आपत्ति नहीं है लेकिन मुझे इस नामकरण में एक मानसिकता दिखती है। गाजियाबाद कैसा हो? उसकी सूरत सीरत कैसी हो? उसके विकास का मॉडल कैसा हो? ये सब यहां नियुक्त अधिकारी ही तय करते हैं। यहां की जनता की किसी स्तर पर कोई भागीदारी नहीं है। यह नामकरण भी उसी प्रक्रिया में एक और महत्वपूर्ण कदम है।**

**राजनीति के शिखर पुरुष, लोकतंत्र के शक्ति पुंज, देश की स्वतंत्रता, अखंडता और सार्वभौमिक सत्ता के लिए जीने वाले श्री अटल बिहारी का नाम भी किसी को स्मरण नहीं है। अधिकारियों को तो इसलिए स्मरण नहीं आएंगे क्योंकि ये जनसंघ या भाजपा से जुड़े नेताओं के नाम हैं। इनसे कोई बड़ा लाभ या हानि नहीं होने वाली है। भाजपा के सत्तासीनों को इसलिए स्मरण नहीं आएंगे क्योंकि उनके एजेंडे बड़े हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए की बोर्ड बैठक में फैसला हुआ है कि जो नया गाजियाबाद बसाया जाएगा, उसका नाम हरनन्दीपुरम रखा जाएगा। हरनन्दी से गाजियाबाद किस प्रकार परिभाषित होता है? ये अभी मुझे तो समझ आया नहीं है। कहते हैं हरनन्दी हिंडन नदी का पौराणिक नाम है।हिंडन का उदगम सहारनपुर से है और बुलन्दशहर तक जाती है। उसमें एक शहर गाजियाबाद भी है।मुझे हरनन्दी से गाजियाबाद की ऐतिहासिक साहित्यिक ,सांस्कृतिक या भौगोलिक का कोई पर्यायवाची या प्रतिध्वनित या विस्तारितता होती नहीं दिखती।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। मेरा गाजियाबाद शब्द से भी कोई लगाव नहीं है। जब नोएडा को गौतमबुद्ध नगर नाम से अलग जिला बनाने का प्रस्ताव था ,तब मैंने गाजियाबाद बार एसोसिएशन सहित भाजपा नेताओं को सुझाव दिया था कि गौतमबुद्ध हमारे आदरणीय हैं ,पूज्यनीय हैं। इसलिए नोएडा ,गाजियाबाद ,मोदीनगर और पिलखुआ को मिलाकर एक नया जिला बनाया जाय और तत्कालीन मुख्य मंत्री गौतमबुद्ध के नाम से जिला बनाना चाहती हैं ,इसलिए इन चारों क्षेत्रों को मिलाकर जो जिला बने उसका नाम गौतम बुद्ध नगर रखा जाय। लेकिन किसी भी स्तर से उस सुझाव को सहमति नहीं मिली लेकिन बाद में गाजियाबाद का नाम बदलने के लिए आंदोलन चला।

मुझे हरनन्दी नाम से भी कोई आपत्ति नहीं है लेकिन मुझे इस नामकरण में एक मानसिकता दिखती है। गाजियाबाद कैसा हो? उसकी सूरत सीरत कैसी हो? उसके विकास का मॉडल कैसा हो? ये सब यहां नियुक्त अधिकारी ही तय करते हैं। यहां की जनता की किसी स्तर पर कोई भागीदारी नहीं है।यह नामकरण भी उसी प्रक्रिया में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

गाजियाबाद में बहुत सारे उप नगर बने हैं।नेहरू नगर ,इंदिरा नगर ,संजय नगर , शास्त्रीनगर ,विवेकानंद नगर , इंदिरापुरम , गोविंदपुरम , लाजपतनगर .... इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं है ।ये नाम सभी महापुरुषों के हैं ,इनका देश के निर्माण में बड़ा योगदान है। इनकी स्मृति को स्थायी करने के लिए और उनके प्रति कृतज्ञता का भाव ज्ञापित करने के लिए ऐसे नाम रखना स्वागतयोग्य कदम है।

देश के राजनैतिक पटल पर कुछ ऐसे नाम हैं जिनका देश मे योगदान कम नहीं है लेकिन एक समय में उनके विचार को राजनैतिक रूप से स्वीकार्यता नहीं थी इसलिए अफसरों को उनके नाम के बारे में विचार भी नहीं आते थे।आज राजनैतिक रूप से जिस विचार परिवार का वर्चस्व है ,उन नामों को विचारयोग्य न समझा जाना एक इत्तफाक नहीं एक मानसिकता है।

आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है ,इसके लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम किसी को ध्यान नहीं आया। राजनीति को नैतिकता और आदर्श से सम्मानित करने वाले जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नाम किसी के स्मरण में नहीं है। राजनीति के शिखर पुरुष, लोकतंत्र के शक्ति पुंज, देश की स्वतंत्रता, अखंडता और सार्वभौमिक सत्ता के लिए जीने वाले श्री अटल बिहारी का नाम भी किसी को स्मरण नहीं है। अधिकारियों को तो इसलिए स्मरण नहीं आएंगे क्योंकि ये जनसंघ या भाजपा से जुड़े नेताओं के नाम हैं। इनसे कोई बड़ा लाभ या हानि नहीं होने वाली है। भाजपा के सत्तासीनों को इसलिए स्मरण नहीं आएंगे क्योंकि उनके एजेंडे बड़े हैं।

भाजपा के सत्ता काल मे भी इन महापुरुषों को कोई सम्मान नहीं मिलेगा। उनके आदर्शों को समाज के सामने रखने के प्रयास में उनके नाम का उपयोग नहीं होगा तो फिर कौन सा समय आएगा, जब इन्हें सम्मान मिलेगा???

# बंद मिलों की 80 हजार करोड़ की जमीन पर भू माफिया की नजर

**लखनऊ।** नजूल की जमीन को भूमाफिया से बचाने के लिए हर तरह की कवायद हो रही है। इसके तहत नजूल की जमीन का इस्तेमाल शहरों की सूरत संवारने के लिए किया जाएगा। इसी के तहत प्रदूषण से जूझते कानपुर को खुली हवा में सांस देने के लिए शासन एक प्रस्ताव पर काम कर रहा है। नजूल पर बनी मिलों की जमीन पर सिटी फारेस्ट सहित जरूरतमंदों और गरीबों के लिए आवास बनाने की तैयारी है। 80 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत वाली इन जमीनों के लिए औद्योगिक और वित्तीय पुर्ननिर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) सहित कई अन्य मोर्चे पर शासन अपनी पैरवी कर रहा है। कानपुर में सिविल लाइंस व वीआईपी रोड का अधिकांश हिस्सा नजूल की जमीन पर है। बेहद पॉश और महंगे इलाकों में स्थित बंद मिलें नजूल की जमीन पर हैं। खंडहर पड़ी इन मिलों के परिसर में बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। कई बाजार नजूल की जमीन पर काबिज हैं। ब्रिटिश राज में कानपुर में स्थापित मिलें बदलते परिवेश में बंद हो चुकी हैं। इन मिलों के मामले औद्योगिक और वित्तीय पुर्ननिर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) में विचाराधीन हैं।



इन्हीं मिलों की तमाम जमीनें नीलामी में लगा दी गईं। इस पर आवास विभाग ने आपत्ति की और कहा कि ये जमीनें मिल चलाने के लिए दी गई थीं। अब मिलें बंद हो चुकी हैं और ये सरकारी जमीन है। जिस उद्देश्य के लिए जमीन दी गई थी, वो समाप्त हो चुका है इसलिए वापस चाहिए। इसी की लड़ाई चल रही है। इन जमीनों की कीमत करीब 80 हजार करोड़ रुपये आंकी गई है। अवैध रूप से काबिज या पट्टा करा चुके लोगों की सूची बन रही है। इनमें कई सफेदपोश हैं।

इन मिलों की जमीन वापस लेकर कानपुर के लोगों को प्रदूषण से राहत देने का प्रस्ताव है। इन मिलों में रहने वाले गरीब व जरूरतमंद लोगों को उतना हिस्सा उन्हें दे दिया जाएगा। कानपुर में पार्किंग की समस्या विकराल है। इन मिलों में अंडरग्राउंड या बहुमंजिला पार्किंग बनाने की तैयारी है। जरूरतमंदों के लिए आवास व अन्य कल्याणकारी योजनाओं का प्रस्ताव है। शेष भूखंड पर सिटी फॉरेस्ट विकसित किए जाएंगे। शहर के बीच में विकसित होने वाले ये जंगल एक तरफ पर्यटन का केंद्र बनेंगे तो दूसरी तरफ दुनिया के शीर्ष दस प्रदूषित शहरों में शुमार कानपुर की हवा को सांस लेने लायक बनाने में सहायक होंगे। प्रदेश सरकार ये सारी कवायद इसलिए कर रही है कि भूमाफियाओं से नजूल की जमीन को आजाद रखा जा सके। इसमें खेल का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 80 हजार करोड़ की इन जमीनों का रिकार्ड ही गायब है। महज तीन दर्जन रिकार्ड ही मिले हैं जबकि नजूल जमीन की अनुमानित संख्या इससे कई गुना ज्यादा है।

इसे देखते हुए कानपुर में फ्री होल्ड से जुड़े आवेदनों को रोक दिया गया है। वास्तव में फ्री होल्ड का कोई प्रावधान ही नहीं है। आवास विभाग कहता है कि पूर्व में दिए गए अदालती आदेशों के मुताबिक पालिसी से किसी जमीन को फ्री होल्ड नहीं कराया जा सकता। 1992 में लाई गई पालिसी से फ्री होल्ड का खेल शुरू हुआ। 1992 से पहले फ्री होल्ड का कोई प्रावधान ही नहीं था। 1992 में लाई गई पालिसी पर हाईकोर्ट ने कहा है कि मूल पालिसी में किसी जमीन को फ्री होल्ड कराने का प्रावधान नहीं है। बाद में तमाम संशोधन होते गए और पालिसी का रूप ही विकृत हो गया। हाईकोर्ट के मुताबिक ये पालिसी विकृत होकर जरूरतमंदों की जगह भूमाफियाओं के हित की बन गई।

## मध्य प्रदेश शुरू होगा हर घर तिरंगा अभियान

# सीएम मोहन यादव ने की लोगों से अपील

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में सीएम डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में एक बैठक हुई। बैठक में आगामी अभियानों और कार्यक्रमों को लेकर पार्टी नेताओं के बीच चर्चा हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक के बारे में जानकारी दी।



सीएम मोहन यादव ने बताया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा, जो पूरे प्रदेश में 15 दिनों तक चलेगा। इस अभियान से अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की जाएगी। उन्होंने कहा, ह्लप्रदेश भर में लोग घर-घर पर तिरंगा फहराएं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार पूरी तरह सहयोग करेगी। पहली बार 15, अगस्त पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए 55 जिलों में पुलिस बैंड उपलब्ध कराए गए हैं। नगर स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में नगरीय प्रशासन मंत्री और पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में पंचायत मंत्री हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, 10 अगस्त को नारी सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित होगा।

25,000 जगहों पर एक साथ कार्यक्रम होंगे और महिलाओं को लाडली बहना और रक्षाबंधन का शगुन ट्रांसफर किया जाएगा। साथ ही जन्माष्टमी पर भी संस्कृति विभाग को जोड़कर उत्सव मनाने की तैयारी का कार्यक्रम तय है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा, ह्लआज की बैठक का एजेंडा स्वतंत्रता दिवस को लेकर था। प्रदेश के 64,523 बूथों पर आगामी स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया जाएगा। सरकार ने प्रदेश के 1.5 करोड़ घरों में तिरंगा पहुंचाने की तैयारी की है। भाजपा के कार्यकर्ता हर बूथ और मंडल पर तिरंगा पहुंचाएंगे। साथ ही युद्ध स्मारकों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। 14 अगस्त को सभी जिलों में भारत विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### भूखंड के नाम पर लाखों रुपए हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

लोनी (करंट क्राइम)। दिल्ली के एक व्यक्ति से जमीन के नाम पर लाखों रुपए हड़पने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि उसके साथी फरार हैं। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि सिविल लाइन दिल्ली निवासी राजकुमार ने आठ अगस्त 2023 को लोनी की त्यागी मार्किट कॉलोनी निवासी मौ0 रहीस और उसके तीन साथियों पर 1400 वर्ग गज के भूखंड की फर्जी पॉवर ऑफ अटॉर्नी कर लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मंगलवार को नामजद आरोपी रहीस को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि उसके साथियों की तलाश की जा रही है। आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर लोनी में प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त का काम करता है। प्लाट बेचने के नाम पर उसने कई लोगों से पैसे ले रखे थे। जिसके कारण उसके ऊपर कर्जा हो गया था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक प्लाट की फर्जी पॉवर ऑप अटॉर्नी तैयार कर उसे दिल्ली के राजकुमार को बेचकर लाखों रुपए हड़प लिए थे। भेद खुलने पर उसने पैसे वापस मांगे तो उसे गाली गलौच कर धमकाकर भगा दिया था।

### मकान के फर्जी कागजात बनाकर कब्जा करने का आरोपी जेल भेजा

लोनी (करंट क्राइम)। दिल्ली के एक व्यक्ति के मकान में रहने वाले किराएदार ने मकान के फर्जी कागजात बनाकर अपनी बेटी के नाम बैनामा कर दिया तथा मकान में कमरे में रखे सामान को भी गायब कर दिया। मकान मालिक मौके पर पहुंचा तो उसे गालीगलौच कर भगा दिया। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया कि 21 फरवरी 2024 को यमुना विहार दिल्ली निवासी सुभाषचंद ने शौकीन अली, योगिता,किरन और उनके साथियों के खिलाफ धोखधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि शौकीन अली उसके मकान में किराएदार था। इसी दौरान उसने मकान का कूटचरित तरीके से मुख्तयारनामा अपने नाम बना लिया तथा उसका बैनामा अपनी पुत्रवधू हिना के नाम कर दिया। मकान के एक कमरे में रखा मकान मालिक का सामान भी गायब कर दिया। मकान मालिक मौके पर पहुंचा तो उसे गाली गलौच कर धमका कर भगा दिया था। एसीपी ने बताया कि छह अगस्त 2024 को अंकुर विहार पुलिस ने आरोपी शौकीन और उसके बेटे राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि मंगलवार को इस मामले में सलमान को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### कान्हा गौशाला में मारपीट मामले में युवक की उपचार के दौरान मौत

मोदीनगर (करंट क्राइम)। कान्हा गोशाला में काम करने को लेकर हुए विवाद में घायल हुए एक युवक की दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गांव सारा निवासी आबिद उर्फ रिहान संजय नगर कॉलोनी स्थित गोशाला में मजदूरी करता था। शनिवार शाम को काम करने को लेकर आबिद उर्फ रिहान के साथ काम करने वाले बिल्ला से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बिल्ला ने आबिद के सिर पर फावड़ा मार दिया। फावड़ा लगते ही आबिद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। अन्य मजदूरों ने उसे तुरन्त स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालात गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। मेरठ में भी हालात में सुधार ना होने पर दिल्ली के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। देर रात आबिद ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब धाराओं को हत्या की धाराओं में तब्दील करेंगी। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि एक आरोपी बिल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जांच में यदि कोई अन्य नाम प्रकाश में आता है तो उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### दहेज प्रताड़ना : विवाहिता ने लगाया मारपीट कर घर से बाहर निकालने का आरोप

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एक विवाहिता ने दहेज में कार व नगदी की मांग पूरी ना करने पर ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल देने का आरोप लगाया है। पीड़िता घायल अवस्था में थाने पहुंची ओर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। लोनी के गांव जावली निवासी सीमा की इसी वर्ष 22जनवरी को यहाँ कृष्णानगर निवासी अभिषेक से शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के पांच दिन बाद ही दहेज में कार व लाखों रुपए की रकम की मांग पूरी ना करने पर उसको मानसिक व शरारिक रूप से शोषण किया जाने लगा। इसी क्रम में सोमवार को उसके पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। इतना ही नही विवाहिता को घर से बाहर निकाल दिया। पीडिता थाने पहुंची ओर आप बीती सुनाई। पीडिता को पुलिस ने अस्पताल में उपचार के लिये भेजा। पीडिता की ओर से पुलिस को दी गयी तहरीर में पति अभिषेक,सास शीला,देवर आयुष,ससुर मांगेराम पर मार पिटाई कर घर से बाहर निकाल देने का आरोप लगाया गया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा

मोदीनगर (करंट क्राइम)। शहर में बंदरों से आतंक से हर कोई परेशान है। प्रत्येक दिन बंदर लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। लोगों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र से शिकायत कर बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है। सीकरी



रोड से लेकर हरमुखपुरी, सुचेतापुरी समेत दर्जनों कॉलोनियों में बंदरों की बढ़ रही जनसंख्या व इनके आतंक से बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, माता- पिता, बहनें हर कोई दु:खी है। बंदरों के आतंक से कॉलोनी में निकलना मुश्किल हो रहा है। बंदरों के झुंड महिलाओं और बच्चों पर हमला कर रहे हैं। सोमवार को बंदरों के झुंड ने कई लोगों पर हमला कर दिया। आरोप है कि कई बार उच्चाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को शिकायत कर बंदरों से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने ईओ से शिकायत करते हुए बंदरों से निजात दिलाने की मांग की है।

## योगी आवास के बाहर महिला ने आत्मदाह की कोशिश की

# बच्चे को रखा किनारे , खुद को पेट्रोल डालकर आग लगा ली, शिकायत में लिखा-दरोगा रिश्वतखोर



**लखनऊ।** सीएम योगी के आवास के बाहर एक महिला ने आत्मदाह की कोशिश की। उन्नाव से महिला जनता दरबार के लिए आई थी। बाहर आकर उसने गोद में लिए बच्चे को सड़क किनारे रखा। फिर बैग से पेट्रोल की बोतल निकाली। खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली।

आसपास के पुलिसकर्मी जब तक कुछ समझ पाते, महिला बुरी तरह जलने लगी। पुलिसकर्मी महिला को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन आग इतनी तेज थी कि हिम्मत नहीं कर पाए। बमुश्किल पानी डालकर आग बुझाई। तब तक महिला काफी जल चुकी थी। आग बुझते ही महिला खुद को बचाने की गुहार लगाने लगी। वह बार-बार अपने बच्चे की तरफ देख रही थी। पुलिस अपनी गाड़ी से महिला को सिविल अस्पताल ले गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया। महिला की हालत बेहद गंभीर है। उसका नाम अंजली जाटव पत्नी देशराज है। महिला के पास से एक एप्लिकेशन मिली है। इसमें उसने उन्नाव के दरोगा राजेश यादव का नाम लिखा है। कहा है कि वह रिश्वत लेकर ससुराल वालों पर एक्शन नहीं ले रहा।

### 2 दिन पहले भी जनता दरबार में आई थी

डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया- महिला ने आत्मदाह करने की कोशिश की। उसे भर्ती कराया गया है। शुरूआती जांच में सामने आया कि पारिवारिक विवाद की वजह से उसने यह कदम उठाया। महिला उसी विवाद की शिकायत लखनऊ में दर्ज कराने आई थी। महिला की तरफ से पुरवा थाने में एक मुकदमा भी दर्ज है। महिला उन्नाव के पुरवा थाना के गांव छत्ताखेड़ा की रहने वाली है। उसका पति दांतों का झोलाछाप डॉक्टर है। दोनों की 3 साल पहले शादी हुई थी। महिला 2 दिन पहले भी जनता दरबार आई थी। बताया जा रहा है कि तब उसे कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

### शिकायत में उन्नाव थाने के दरोगा पर गंभीर आरोप

महिला के पास से लाल रंग का एक बैग मिला है। उसमें सीएम योगी के नाम लिखी हुई एक एप्लिकेशन मिली। इसमें लिखा- ससुराल वालों ने उससे जो पैसा और मंगल सूत्र लूटा है। पुलिस उसको वापस नहीं दिला रही है। पुरवा थाने का दरोगा राजेश यादव रिश्वतखोर है। वह पति को बचा रहा है। कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। उपमुख्यमंत्री से भी शिकायत की थी। पुलिस ने झूठ बोल दिया कि देशराज नहीं मिला, जबकि दरोगा राजेश यादव ने उसे छिपाकर रखा है। महिला ने दावा किया कि उसने खुद पति को दरोगा के आवास पर देखा है। महिला ने एप्लिकेशन में यह भी लिखा कि शासन के आदेश पर पुलिस मुझे लेने के लिए लखनऊ आई। रास्ते भर धमकाया गया कि समझौता कर लो नहीं तो तुम्हें भी किसी फर्जी मामले में फंसाकर जेल भेज देंगे। पुलिस ने चेतावनी दी थी कि अगर सीएम के यहां गई तो जान से मरवा देंगे।

# स्वर्णकार बंधुओं ने मेधावियों को किया सम्मानित



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शहर के संभ्रात स्वर्णकार बंधुओं ने समाज के मेधावी युवाओं को उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नंदनगरी निवासी मुकुल वर्मा द्वारा बी0 फार्मा में प्रथम स्थान, इंडो नेपाल यूथ गेम्स (कबड्डी) में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी गांव सीकरीखुर्द निवासी मनोज सोनी की पुत्री ज्योति सोनी व ऋषभ विहार निवासी अमन वर्मा को बार काउंसिल दिल्ली में नामित होने पर स्वर्णकार समाज से जुड़े सांसद सचिव हर्षित वर्मा, मोहित सोनी, अमित सोनी, सुनील वर्मा, मोंटी वर्मा, बृजभूषण वर्मा आदि ने मेधावियों के घर पहुंचकर उन्हें पटका पहना व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।



# एहसास महिला समिति ने स्कूली बालिकाओं के साथ मनाया तीज महोत्सव

## चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारियों को भेंट किया तीज श्रृंगार का सामान

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** प्रमुख सामाजिक संस्था एहसास महिला समिति ने तीज के पावन अवसर पर गोविन्दपुरी स्थित आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर शहर की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता त्यागी द्वारा लड़कियों, महिलाओं में होने वाले कैंसर की तमाम वजह एवं उक्त परिस्थितियों के चलते कैंसर से बचने के उपाय बताते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। समिति की संस्थापक अनुप्रीत कौर ने बताया कि इस बार का तीज आयोजन युवा बालिकाओं व महिला कर्मचारियों के नाम रखा गया।

एहसास संस्था की उपाध्यक्ष रुचि विज के अनुसार इस आयोजन में विशेष रूप से चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों को आमंत्रित कर उन्हे श्रृंगार का सामान भेंट कर तीज के पर्व की बधाई दी गई।

डॉ. सरिता त्यागी व उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों के अनुसार एहसास संस्था ने चतुर्थ श्रेणी की महिला कर्मचारियों को श्रृंगार का सामान भेंट करना एक बहुत ही सुंदर और सम्मानजनक पहल है, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस आयोजन को सफल बनाने में आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शिवाली बंसल, एहसास महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या बिंदुआत्रे, प्रतिभा गांधी, आंचल खुराना, मेघा मल्होत्रा व सिमरन भसीन का मुख्य योगदान रहा।



# अधिवक्ता ने थाने के सामने सड़क पर बैठकर किया हंगामा

## जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर अपने ऊपर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए एक अधिवक्ता ने मंगलवार को जमकर हंगामा किया। अधिवक्ता थाने के सामने सड़क पर बैठ गए और आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग की। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई कर रही है। नगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी अधिवक्ता योगेंद्र कुमार गाजियाबाद कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। आरोप है कि मंगलवार सुबह वह गाजियाबाद जा रहे थे। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर पहुंचे तो उन्हें रोक लिया और कार से बाहर निकालकर जमकर मारपीट की और पिस्टल कनपटी पर लगा दी। मारपीट करने वाले आरोपी एक केस में समझौता कराने की बात कह रहे थे। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर अधिवक्ता मुरादनगर थाने के सामने सड़क पर बैठ गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक वह यहीं पर बैठे रहेंगे। हंगामा बढ़ने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

# बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में है सरकार : विदेश मंत्री एस जयशंकर

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बांग्लादेश के हालात पर मंगलवार को लोकसभा में बयान देते हुए कहा है कि बांग्लादेश में कार्यरत राजनयिक मिशनों के माध्यम से सरकार बांग्लादेश में रह रहे भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में है। लोकसभा में बांग्लादेश के हालात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री ने बताया कि जनवरी 2024 में हुए चुनाव के बाद से, बांग्लादेश की राजनीति में भारी तनाव, गहन विभाजन और बढ़ता ध्रुवीकरण देखा गया। इस अंतर्निहित परिस्थिति ने इस वर्ष जून में शुरू हुए छात्र आंदोलन को और उग्र बना दिया। हिंसा में वृद्धि होती रही, जिसमें सार्वजनिक भवनों और अवसंरचना पर हमले की घटनाएं तथा यातायात एवं रेल अवरोध शामिल थे। यह हिंसा जुलाई माह तक जारी रही। इस अवधि के दौरान, हमने बार-बार संयम बरतने की सलाह दी और कहा कि बातचीत के जरिए स्थिति को शांत किया जाए। इसी प्रकार की बात उन विभिन्न राजनीतिक शक्तियों से की गई, जिनके साथ हम संपर्क में थे।



उन्होंने सदन में कहा कि 21 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बावजूद, सार्वजनिक आंदोलन में कोई कमी नहीं आई। तत्पश्चात लिए गए विभिन्न निर्णयों और कार्रवाइयों ने स्थिति को और प्रतिकूल बना दिया। इस समय आंदोलन एक सूत्री एजेंडे के इर्द-गिर्द केंद्रित था, वह यह कि प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ देना चाहिए। 4 अगस्त को, घटनाक्रम ने अत्यंत गंभीर मोड़ लिया। पुलिस थानों और सरकारी प्रतिष्ठानों सहित पुलिस पर हमले तेज हो गए, और इस तरह हिंसा और अधिक बढ़ गई। पूरे देश में सरकार से जुड़े लोगों की संपत्तियों को आग लगा दी गई। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह थी कि अल्पसंख्यकों, उनके व्यवसायों और मंदिरों पर भी कई स्थानों पर हमले हुए। इसका पूरा आकलन अभी भी पूरी तरह से नहीं किया जा सका है।

विदेश मंत्री ने कहा कि 5 अगस्त को, कर्फ्यू के बावजूद प्रदर्शनकारी ढाका में इकट्ठे हुए। हम यह समझते हैं कि सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों के साथ बैठक के बाद, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्पष्ट रूप से इस्तीफा देने का फैसला किया। बहुत कम समय में उन्होंने भारत आने के लिए मंजूरी मांगी। हमें उसी समय बांग्लादेश के प्राधिकारियों से हवाई यात्रा की मंजूरी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ। वह कल शाम दिल्ली पहुंचीं। बांग्लादेश की स्थिति में अभी भी उतार-चढ़ाव हो रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने 5 अगस्त को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र की जिम्मेदारी संभालने और अंतरिम सरकार के गठन के बारे में बात की।




# भाजपा में उठ रहे हैं इस बात को लेकर सवाल, क्या ओबीसी आयोग में रखा जायेगा स्थानीय ओबीसी नेताओं का ख्याल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में भले ही मंच से कहा जाये कि विकास की राजनीति है और जाति की बात नहीं होगी। भले ही लोकसभा में जाति पूछने पर हंगामा हो रहा हो लेकिन सियासत का सबसे बड़ा सच ये है कि यहां संगठन के पदों से लेकर सरकार में भागीदारी तक जातीय संतुलन साधा जाता है। अब जब सरकारी कृपा वाली बात शुरू हुई है तो भाजपा मे ये सवाल उठ रहे हैं कि क्या ओबीसी आयोग में स्थानीय ओबीसी चेहरों का ख्याल रखा जायेगा। क्या आयोग वाले योग यहां से ओबीसी नेताओं के लिए बनेंगे।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा में ये सवाल उठ रहा है कि ओबीसी नामों को कितनी वरीयता दी जायेगी। ओबीसी फैक्टर पर कितना काम होगा। भाजपा के पास कई वरिष्ठ नेता हैं कई पूर्व जनप्रतिनिधि हैं जो ओबीसी हैं लेकिन सियासी हाशिये पर चल रहे हैं। आयोग वाली कृपा का ताज किस ओबीसी चेहरे के सर पर आयेगा। ओबीसी फैक्टर पर पार्टी कितना काम करेगी।

## तीन बार किसान मोर्चा के अध्यक्ष रहे राजा वर्मा पर होगी क्या सरकारी कृपा



**करंट क्राइम।** राजा वर्मा भाजपा की थिंक टैकं वाली राजनीति के नेता माने जाते हैं। वो तीन बार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य रहे हैं। वो मुरादनगर विधानसभा सीट पर दावेदारी वाली लिस्ट में भी थे। शिक्षित प्रोफाईल और सौम्य व्यवहार के धनी राजा वर्मा पर क्या भगवा सियासत कृपा करेगी।

## क्या पूर्व मेयर अशु वर्मा की करेगी भाजपा कोई केयर



**करंट क्राइम।** अशु वर्मा भाजपा के पुराने नेता रहे हैं। युवा मोर्चा से सियासत से राजनीति की शुरूआत करने वाले अशु वर्मा गाजियाबाद के मेयर रहे हैं। अब सवाल यही है कि क्या अशु वर्मा को भाजपा कृषक आयोग, ओबीसी आयोग की बड़ी जिम्मेदारी देती है या फिर उन्हें आशीर्वाद मंडल में भेज देती है।

## शिक्षाविद पृथ्वी सिंह की कब जागेगी सियासी किस्मत



**करंट क्राइम।** पृथ्वी सिंह भाजपा के पुराने नेता हैं। वो राजनीति में आम पार्टी करते हैं लेकिन उनका व्यक्तिव आम नहीं है। वो शिक्षाविद हैं और भाजपा के थिंक टैंक ओबीसी नेताओं में आते हैं। राजनीतिक विचारधारा स्पष्ट है और कम शब्दों में अपनी बात रखते है। देखना यही है कि क्या भाजपा अपने इस नेता पर ध्यान देती है। क्या उन्हें बड़ा पद मिलता है।

## क्या मिलेगी प्रशांत चौधरी को दर्जा प्राप्त वाली जिम्मेदारी



**करंट क्राइम।** प्रशांत चौधरी विधायक रहे हैं उनकी पत्नी हेमलता चौधरी भी विधायक रहीं है। ब्लॉक प्रमुख से अपनी सियासत की शुरूआत करने वाले प्रशांत चौधरी लंबे समय से अपनी पारी का इंतजार कर रहे हैं। क्या इस बार की लिस्ट में उन पर सरकारी कृपा होगी। क्या पंचायत चुनाव में भाजपा को माईलेज देने वाले पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी को भाजपा आयोग वाला माईलेज देगी।

## किसान नेता पुष्पेंद्र रावत पर कब होगी सरकारी आयोग वाली कृपा



**करंट क्राइम।** पुष्पेंद्र रावत किसान नेता हैं और जन मुद्दों को उठाते हैं। मोदीनगर के जन आंदोलन से लेकर डोमेस्टिक एयरपोर्ट के जमीन के मामले में वो सबसे आगे रहे हैं। कोरोना काल में किसानों के लिए राहत पैकेज की मांग करने वाले सबसे पहले किसान नेता रहे हैं। भाजपा का ये अनुशासित और कर्मठ कार्यकर्ता लंबे समय से अपनी पारी का इंतजार कर रहा है। पुष्पेंद्र रावत पर आयोग वाली कृपा कब होगी। ये देखनी की बात है। उनका नाम मोदीनगर से दावेदारी में भी चला था और अब क्या इस चेहरे को सरकार कोई जिम्मेदारी देगी।

## क्या बृजपाल तेवतिया के आयेंगे अच्छे सियासी दिन



**करंट क्राइम।** बृजपाल तेवतिया भाजपा की जाट राजनीति का बड़ा नाम है। उनके पास लंबा अनुभव है और वो विधानसभा वाली चुनावी पारी भी खेल चुके हैं। निगम पार्षद भी रहे हैं और कहा तो ये जाता है कि अगर बृजपाल तेवतिया पर जानलेवा हमला ना होता तो उनका नाम दावेदारी में टॉप पर चल रहा था। भाजपा का ये कदद्दावर जाट नेता इस वक्त सियासी रूप से हाशिये पर है। पहली पारी इंजतार में कटी है और अब दूसरी बार सरकार रिपीट हुई है। ऐसे में ये एक बड़ा सवाल है कि क्या बृजपाल तेवतिया के सियासी अच्छे दिन लौटेंगे। क्या उन्हें सरकार में बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी।

## क्या सुधन रावत के नाम पर होगा विचार



**करंट क्राइम।** सुधन रावत सियासी शख्सीयत हैं। वो एमएलसी, लोकसभा, मेयर का चुनाव लड़ चुके हैं। इन दिनों भाजपा में हैं और फिलहाल वो सियासी रडार से आउट चल रहे हैं। क्या भाजपा ओबीसी फैक्टर में अपने इस जाट चेहरे को कंसीडर करेगी।

## क्या लाईन पार वाले सुनील यादव का होगा सियासी उद्धार



**करंट क्राइम।** सुनील यादव राजनीतिक शख्सीयत हैं। नगर निगम पार्षद रहे हैं। सबसे लंबे कार्यकाल तक निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष रहे हैं। लोकसभा चुनावों से पहले कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम उन्हीं के हाथ में था। कई नाराज चेहरों को उन्होंने फिर से भाजपा से जोड़ा। ओबीसी फैक्टर के नेता है और लाईन पार क्षेत्र से आते हैं। अगर लाईनपार एक फैक्टर है और ओबीसी उससे बड़ा फैक्टर है तो फिर ये सवाल है कि क्या भाजपा इस लाईन पार वाले चेहरे का पोलिटिक्ल रूप से कोई उद्धार करेगी।

## क्या श्यामवीर चौधरी पर भी होगी कोई सरकारी कृपा



**करंट क्राइम।** श्यामवीर चौधरी भाजपा नेता हैं। वो जनमुद्दों से जुडकर राजनीति करते हैं ओर उनकी राजनीति की सबसे बडी खूबी ये है कि वो किसी विवाद में नहीं पडते। राजनीतिक रूप से सक्रिय रहते हैं और सौम्य व्यवहार है। गुर्जर फैक्टर मेंइस चेहरे को भी सरकारी कृपा का इंतजार है। देखना यही है कि उन पर पार्टी कब विचार करती है।

## सतेन्द्र चौधरी पर क्या होगी आयोग वाली कृपा



**करंट क्राइम।** सतेन्द्र चौधरी भाजपा के नेता हैं और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के करीबी माने जाते हैं। जाट फैक्टर में आते हैं और उनका नाम भी कई बार चुनावी दावेदारी में चला है। अब जब आयोग वाली कृपा होनी है तो क्या इस चेहरे का भी कोई योग बनेगा।

## संगठन से सरकार तक ओबीसी की ताकत

**करंट क्राइम।** भाजपा में ओबीसी फैक्टर की बात चलती है तो कहा जाता है कि यहां तीनों विधानसभाओं में ओबीसी फैक्टर नहीं है। शहर विधायक, मुरादनगर विधायक और साहिबाबाद विधायक वैश्य, ब्राह्मण और त्यागी हैं। यहां तीनों विधानसभा सीटों के ट्रेक से ओबीसी की ट्रेन उतरी नजर आ रही है। यहां कई ओबीसी चेहरे हैं जो हाशिये पर हैं। इनमें राजा वर्मा, पूर्व मेयर अशु वर्मा, बृजपाल तेवतिया, पृथ्वी सिंह, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सुनील यादव, श्याम वीर गुर्जर, सतेन्द्र चौधरी, पुष्पेन्द्रर रावत और सुधन रावत के नाम है। ये ओबीसी चेहरे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अगर देखा जाये तो ओबीसी भागीदारी कम है और यही देखना है कि सरकारी कृपा वाली स्थिति में कौन से चेहरे इनमें स्थान बना पाते हैं। क्या ओबीसी आयोग में सरकार अपने स्थानीय नेताओं का ख्याल रखेगी।

## हुआ है जिन 15 नामों का जिक्र, क्या उनमें है किसी ओबीसी चेहरे की फिक्र

**करंट क्राइम।** बीते दिनों ये प्रबल चर्चा थी कि महानगर संगठन ने 15 नामों का जिक्र किया है। इन नामों को लेकर अंदरखाने उथल पुथल मची हुई है। सूत्र बताते हैं कि इन नामों में जीडीए बोर्ड या नामित पार्षदों का जिक्र नहीं है। इन 15 नामों को बड़ी जिम्मेदारी दी जानी है। जिनमें आयोग के उपाध्यक्ष वाली जिम्मेदारी भी शामिल है।दर्जा प्राप्त मंत्री वाला स्टेटस भी मिल सकता है। सूत्र बताते हैं कि जो 15 नाम भेजे गये हैं उनमें ओबीसी चेहरे का जिक्र हुआ है क्या किसी ओबीसी चेहरे की फिक्र हुई है।

## पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और पूर्व अध्यक्ष वाला है ये फार्मेट

**करंट क्राइम।** जिन 15 नामों को सरकारी जिम्मेदारी देने की बात हो रही है सूत्र बताते हैं कि ये फार्मेट बड़ा है। इस फार्मेट में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री सहित कई लोग शामिल हैं। इन नामों में बड़ी जिम्मेदारी किसे मिलती है क्यों लिस्ट की चर्चा महानगर संगठन की ओर से है।

## ओलंपिक में भारत के दो पदक पक्के

# नीरज चोपड़ा की फाइनल में धमाकेदार एंट्री

### पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर दूर फेंका भाला



**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक्स की पुरुष जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश पा लिया है। नीरज को ग्रुप बी में रखा गया था, जहां उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर दूर भाला फेंक कर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। बता दें कि फाइनल में सीधे क्वालीफाई करने के लिए 84 मीटर का बिंदु तय किया गया था। नीरज के अलावा पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी 86.59 मीटर दूर भाला फेंक कर फाइनल में प्रवेश पा लिया है।

नीरज चोपड़ा का इस सीजन का बेस्ट थ्रो 88.36 मीटर था, जो उन्होंने दोहा डायमंड लीग 2024 में प्राप्त किया था। यानी पेरिस ओलंपिक्स 2024 के क्वालीफिकेशन राउंड में 89.34 मीटर की दूरी तय कर उन्होंने इस सीजन के बेस्ट थ्रो को बेहतर कर लिया है। क्वालीफिकेशन राउंड में दूसरे भारतीय एथलीट किशोर जेना की बात करें तो क्वालीफिकेशन राउंड में उनका बेस्ट थ्रो 80.73 मीटर का रहा, लेकिन यह उन्हें फाइनल में ले जाने के लिए नाकाफी साबित हुआ।

क्वालीफिकेशन राउंड में दोनों ग्रुप को मिलाकर देखा जाए तो नीरज सबसे आगे रहे। उन्होंने 89.34 मीटर की दूरी तय कर पहला स्थान हासिल किया और उनके बाद दूसरे स्थान पर ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स रहे, जिन्होंने 88.63 मीटर दूर भाला फेंका।

# विनेश फोगाट ने फाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने फाइनल में प्रवेश करते हुए इतिहास रच दिया है।महिलाओं की 50 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में फोगाट ने क्यूबा की गुजमान लोपेज को 5-0 से हरा दिया। इसके साथ ही उन्होंने अपना ओलंपिक पदक सुनिश्चित कर लिया है। वह साक्षी मलिक के बाद ओलंपिक पदक हासिल करने वाली दूसरी भारतीय महिला पहलवान बन जाएंगी।

# पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा और पार्षद नीलम भारद्वाज ने रखी अपनी-अपनी बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में भाजपा का बहुमत है और 100 पार्षदों वाले सदन में उसके 75 पार्षद हैं। नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव होना था और पार्टी ने व्हीप जारी किया। पार्टी ने कार्यकारिणी के लिए चेहरे तय किये और जब कार्यकारिणी चुनाव की बेला आई तो खेला हो गया। यहां कार्यकारिणी सदस्य के लिए वैशाली की भाजपा पार्षद नीलम भारद्वाज ने नामांकन पत्र ले लिया। उनकी इस बात को लेकर मेयर सुनीता दयाल से नोक झोंक हुई और फिर नीलम भारद्वाज का पर्चा वापस कराया गया। इसी तरह पार्षद संजय सिंह ने भी पर्चा लिया और उनका पर्चा भी वापस कराया गया। पार्टी की व्हीप के वाजबूद नीलम भारद्वाज और संजय सिंह ने नामाकन पत्र ले लिया और उनकी मेयर से नोक झोंक भी हुई और इसी बीच नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा निगम पार्षद राजीव शर्मा ने यहां मामले को रोचक मोड दिया जब उन्होंने पांचवे सदस्य के रूप में नामांकन पत्र ले लिया। राजीव शर्मा का तर्क था कि जब हमारे पास संख्या बल है तो




हम एक सीट विपक्ष को क्यों दें। उनका कहना था कि हमारा उम्मीदवार होगा तो विपक्ष को मौका नहीं मिलेगा। लेकिन यहां पर नगर निगम की सियासत गरमा गई। राजीव शर्मा बाहर चले गये और जब वो ट्रेस आउट हुए तो शाम हो गई थी। मेयर ने कार्यकारिणी चुनाव स्थगित कर दिया। उसी दिन से भाजपा का एक टोला इस बात को लेकर लगातार दबाव बना रहा था कि पार्षदों के लिए गाइडलाईन होनी चाहिए। जब निगम चुनाव में बागी होकर नामांकन करने वालों को बाहर किया जा सकता है तो यहां भी कार्यवाही होनी चाहिए। वहीं भाजपा के वरिष्ठों की एक टोली लगातार ये कह रही है कि जब पार्टी के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ने वाले पार्षद उम्मीदवार का निष्कासन रद्द कर उन्हें वापस लिया जा सकता है ये तो सिर्फ कार्यकारिणी चुनाव था और अगर किसी ने पर्चा लिया है तो उसके पास अपने वोटों का जुगाड़ था। ऐसे में कोई कार्यवाही बनती ही नहीं है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां पर दबाव बनने की स्थिति में महानगर संगठन ने बॉल क्षेत्रीय अध्यक्ष के पाले में डाल दी। क्योंकि अब इस विषय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष को फैसला देना है लिहाजा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने राजीव शर्मा नीलम भारद्वाज को तलब कर लिया और बताते हैं कि इन दोनों पार्षदों ने क्षेत्रीय अध्यक्ष को अपना



स्पष्टीकरण दिया है। सूत्र बताते हैं कि संगठन की ओर से ये पूछा गया कि पार्टी गाइडलाईन से इतर नहीं जाना चाहिए था। ये अनुशासनहीनता है लेकिन यहां पर पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने अपनी बात रखी और इस बात को लेकर पक्ष रखा कि यदि वो उम्मीदवार के रूप में आते तो विपक्ष की रणनीति फेल होती और भाजपा को एकअतिरिक्त सीट मिलती। वहीं वैशाली की पार्षद नीलम भारद्वाज ने भी अपना पक्ष रखा। सूत्र बताते हैं कि क्षेत्रीय अध्यक्ष की ओर से दोनों पार्षदो को पार्टी की रणनीति के हिसाब से चलने की हिदायत दी गई और कहा कि अनुशासन सर्वोपरि है। वहीं पार्षदों ने भी अपनी अपनी बात को विस्तार से रखा।

## पार्षद संजय सिंह ने बताई फोन पर अपने दिल की दास्तां

**करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में एक मोर्चा बीच शहर से खुला तो दो मोर्चे नदिया पार से खुले। पार्षद नीलम भारद्वाज ने नामांकन पत्र ले लिया और उनकी बाकायदा मेयर से सदन के भीतर नोक झोंक हुई। वहीं इसी क्षेत्र के पार्षद संजय सिंह ने भी पर्चा लिया और उन्होंने भी अपनी बात रखी और संजय सिंह ने बाद में पर्चा वापस कर दिया। सूत्र बताते हैं कि मंगलवार को संजय सिंह को भी बुलाया गया था लेकिन वह बाहर होने की वजह से नहीं जा सके लेकिन उन्होंने क्षेत्रीय अध्क्ष से फोन पर ही वार्ता की और अपना पूरा पक्ष रखा। अपनी पूरी बात बताई।

## भाजपा उतारेगी कार्यकारिणी चुनाव में पांचवा उम्मीदवार

**करंट क्राइम।** पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने पहले दिन से कहा था कि भाजपा के पास सदन में पर्याप्त संख्या बल है और उसे विपक्ष के लिए पांचवा चेहरा गिफ्ट में नहीं देना चाहिए। राजीव शर्मा ने दावा किया था कियहां भाजपा जीतने की स्थिति में है। उन्होंने मेयर के सामने ये भी दावा किया था कि उनके पास इतने वोट है कि वह जीत जायेंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया था कि यह वोट भाजपा के ना होकर निर्दलीय व अन्य उम्मीदवारों के हैं। सूत्र बताते हैं कि मुहर राजीव शर्मा की बात पर ही लगी है और अब भाजपा कार्यकारिणी चुनाव में पांचवा उम्मीदवार उतारेगी। सूत्र बताते हैं कि इस बात पर सहमति बनी है कि जब भाजपा के पास संख्याबल है तो फिर वो अन्य दलों के किसी सदस्य को वरीयता क्यों देगी। पार्टी इस बात से संतुष्ठ है और यहां संगठन और मेयर तालमेल बनाकर खेलेगें और पांचवा उम्मीदवार मैदान में आयेगा। अब ये पांचवा उम्मीदवार राजीव शर्मा होंगे या कोई और होगा इस पर अभी सस्पेंस बरकरार है।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा खोड़ा गाजीपुर नाले में मां-बेटे की मौत का मामला गंभीर, पुलिस व एमसीडी दे 10 दिन में स्टेटस रिपोर्ट

### कोर्ट ने जताई नाराजगी और कहा एमसीडी को कर देना चाहिए भंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** खोड़ा कॉलोनी गाजीपुर इलाके में एक नाले में गिरकर मां-बेटे की मौत के मामले को लेकर लगातार सरगर्मी बनी हुई है। मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें हाईकोर्ट ने एमसीडी के अधिकारियों के कामकाज के रवैया पर सवाल उठाते हुए फटकार लगाइए है। साथ ही कहा है कि एमसीडी की लापरवाही का आलम इतना अधिक हो गया है कि सरकार को इसे बंद कर देना चाहिए। कोर्ट ने कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा है कि एमसीडी के अधिकारी काम नहीं करेंगे तो जिम्मेदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी क्या। ऐसे में हम अधिकारियों को सस्पेंड करना शुरू कर देंगे। बता दें कि 31 जुलाई को गाजियाबाद की खोड़ा निवासी 22 वर्षीय तनुजा अपने 3 वर्षीय बेटे प्रियांशु के साथ साप्ताहिक बुध बाजार गाजीपुर जा रही थीं। उस दिन तेज बारिश थी। इस वजह से नाला ओवरफ्लो हो गया और मां-बेट को खुला नाला दिखाई नहीं दिया और वह गहरे नाले में गिर गए। जिसमें ढाई घंटे तक पुलिस एमडी ,नगर निगम और नगर पालिका ने अभियान चलाकर दोनों के शव बरामद किए थे। बता दें कि इस मामले में सोमवार को ही खोड़ा नगर पालिका की अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने भी एक पत्र लिखा था।



फाइल फोटो

## कोर्ट का आदेश दिल्ली पुलिस और एमडी 10 दिन में दें स्टेटस रिपोर्ट



**करंट क्राइम ।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि दिल्ली के हालात पर दिल्ली सरकार की कैबिनेट मीटिंग करें और स्टैंडिंग कमेटी इस पूरे मामले में ध्यान देने का निर्देश दिया है। साथ ही ऐसे हादसों को रोकने के लिए बजट बनाया जाए कि लोगों की सुरक्षा हो। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा है कि वह सिविक एजेंसियों के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही पर मुकदमा दर्ज करें। कोर्ट ने एमसीडी के नाले की सफाई कर उसके आसपास बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया है ताकि भविष्य में कोई दोबारा ऐसा हादसा ना हो। वहीं दिल्ली हाई कोर्ट ने एमसीडी और दिल्ली पुलिस को 10 दिन के अंदर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का भी सख्त निर्देश दिया है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दूध की लूट का वीडियो वायरल

### सड़क हादसे में चालक की मौत और परिचालक की हालत गंभीर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के विजयनगर थाना अंतर्गत आने वाले नेशनल हाईवे दिल्ली-एक्सप्रेसवे पर दूध लूट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि विजयनगर थानाक्षेत्र में दिल्ली की तरफ से दूध से भरा एक टैंकर जा रहा था, जो एबीएस कॉलेज के सामने पहुंचा तभी एक ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रेम सागर नाम के चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि कंडक्टर बुरी तरह घायल है। बताया जा रहा है कि कैंटर में दूध भरा हुआ था, जिसके बाद लोगों ने हाइवे पर कैंटर से लूट शुरू कर दी।



## थम नहीं रहे हैं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हादसे

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनने के बाद दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर एक के बाद एक सड़क हादसे हो रहे हैं। अब तक दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर 17 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि डेढ़ दर्जन से ज्यादा ऐसे भीषण हादसे हुए हैं, जिसमें दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। तमाम सुरक्षा उपायों और अलग–अलग लेन होने व सीसीटीवी की निगरानी के बावजूद भी दिल्ली– मेरठ एक्सप्रेस–वे पर सड़क हादसों में कमी नहीं लग पा रही है ।वहीं मगलवार को हुए हादसे पर एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह का कहना है कि मंगलवार को हुआ हादसा चालक नींद आने और पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक की वजह से हुआ है।

## किसी ने बोतल में भरा दूध, तो कोई उठा लाया बाल्टी

**करंट क्राइम ।** मंगलवार की सुबह दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर दूध की लूट का नजारा जिसे भी देखा वह हैरान रह गया। दूध से भरे कैंटर की एक्सीडेंट और हादसे के बाद उसे दूध की लीकेज होने पर आसपास के लोग और राहगीर दूध की लूट में लग गए। कोई गांव से थैली लेकर आ गया, तो किसी ने बाइक पर मोटरसाइकिल में दूध भरने का काम शुरू किया। वहीं आसपास के कई लोग तो बाल्टी और पॉलिथीन में भी दूध भरते देखे गए। इसके साथ ही राहगीरों ने इस बात की होड़ थी कि कौन अधिक दूध ले जाता है। हालांकि जब कैंटर से दूध से लूट की जानकारी पुलिस को सोशल मीडिया के माध्यम से लगी तो मौके पर पीआरवी भेजी गई लेकिन तब तक कई सौ लीटर दूध पर स्थानीय लोगों और राहेगीरों ने हाथ साफ कर दिया था।

## संपादकीय

# भारत की इकॉनमी मजबूत

पिछले हफ्ते अमेरिका सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों में जो गिरावट शुरू हुई, उसका असर सोमवार को भी भारतीय बाजार पर दिखा। अमेरिका में बिकवाली वहां इकॉनमी के मंदी में फंसने के डर से शुरू हुई। इस बीच, इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध की आशंका ने भी ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है।

अमेरिकी मार्केट में इससे पहले जो तेजी चली आ रही थी, वह ज्यादातर टेक्नॉलजी कंपनियों तक ही सीमित थी। वह भी इस वजह से क्योंकि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (अक) की बदौलत इनकी ग्रोथ तेज बने रहने की भविष्यवाणियां की जा रही थीं, लेकिन जून तिमाही के इन कंपनियों के रिजल्ट आए तो उससे मार्केट को निराशा हाथ लगी।

अमेरिका में मंदी का डर बढ़ने से वहां के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की पॉलिसी को लेकर भी सवाल पूछे जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या उसे ब्याज दरों में कटौती शुरू कर देनी चाहिए थी? वैसे, मंदी का डर बढ़ने के बाद फेडरल रिजर्व कह चुका है कि वह जल्द ब्याज दरों में कटौती शुरू करेगा।

मार्केट पर जापानी की मुद्रा येन में आई गिरावट का भी असर हो रहा है। बैंक ऑफ जापान (जैसे भारत में रिजर्व बैंक है) ने हाल ही में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। असल में, बड़े विदेशी निवेशक वहां बेहद कम ब्याज दरों पर कर्ज लेकर उसे भारत सहित दुनिया के दूसरे बाजारों में लगाते हैं। इसे येन कैरी ट्रेड कहा जाता है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी और येन में आई गिरावट की वजह से अब ऐसे सौदे काटे जा रहे हैं। इससे भी मार्केट पर दबाव बढ़ा है।

ग्लोबल बिकवाली की वजह से भारतीयों बाजार पर भले ही दबाव बढ़ा है, लेकिन इसकी तुलना अमेरिका के टेक्नॉलजी शेयरों में तेजी वाले मार्केट से नहीं की जा सकती। अव्वल तो भारतीय इकॉनमी बेहद मजबूत है। पिछले वित्त वर्ष में GDP ग्रोथ 8.2% रही, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज थी। इस वित्त वर्ष में भी उसका यह दर्जा बना रह सकता है। बड़ी बात यह भी है कि भारतीय बाजार की विदेशी निवेशकों पर निर्भरता बेहद कम हो गई है और डोमेस्टिक इन्वेस्टर्स इसकी ताकत बने हुए हैं।

वैसे, यह बात सही है कि भारतीय बाजार का वैल्यूएशन कुछ अधिक हो गया था, लेकिन किसी भी हाई ग्रोथ मार्केट को अक्सर ऊंचा वैल्यूएशन मिलता है। और, भारतीय कंपनियों की मुनाफे में बढ़ोतरी की रफ्तार को देखें तो यह वैल्यूएशन अधिक नहीं लगता। इसलिए, भारतीय निवेशकों को इस गिरावट से घबराना नहीं चाहिए। अगर उन्होंने लंबी अवधि के लिए क्वॉलिटी स्टॉक्स में निवेश किया है तो उनके पैसा बनाने की संभावना बनी रहेगी। लेकिन यह भी सच है कि दुनिया भर के बाजारों में बिकवाली के असर से भारतीय बाजार बचे नहीं रह सकते।

# चीन को चुनौती देने की तैयारी में अडानी, विदेश में करने वाले हैं बड़ी खरीदारी

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी समूह की दिग्गज कंपनी- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (APSEZ) का वैश्विक स्तर पर दबदबा बढ़ने वाला है। दरअसल, APSEZ ने मध्य पूर्व, अफ्रीका और दक्षिण पूर्व एशिया में अधिक बंदरगाहों के अधिग्रहण की योजना बनाई है। अडानी के इस कदम से ना सिर्फ भारत एक व्यापारिक केंद्र बनेगा बल्कि चीन के प्रभुत्व को भी चुनौती मिलेगी।



**क्या है रिपोर्ट में**

ब्लूमबर्ग न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक खराब शिपिंग कनेक्टिविटी की वजह से भारत के समुद्री व्यापार में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। ऐसे में अडानी समूह की कंपनी मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया में अवसरों की तलाश कर रही है। बता दें कि अडानी पोर्ट्स मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर है। वहीं, भारत का वर्तमान कंटेनर ट्रैफिक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी यानी चीन के 10% से भी कम है।

**करण अडानी ने दिए संकेत**

कंपनी के प्रबंध निदेशक करण अडानी ने बताया कि हम भारत को पूर्व से पश्चिम तक समग्र आपूर्ति श्रृंखला का केंद्र बिंदु बनाने पर काम कर रहे हैं। इसे हासिल करने के लिए हमें जहां भी जरूरत पड़ेगी हम पोजीशन लेंगे। अरबपति गौतम अडानी के 37 वर्षीय बड़े बेटे करण ने कहा कि हम अवसरों की तलाश कर रहे हैं, क्योंकि इन क्षेत्रों से बहुत सारा व्यापार भारत के साथ होता है।

यह अधिग्रहण अभियान ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब अडानी समूह तेजी से अपनी विकास योजनाओं को पुनर्जीवित कर रहा है। बता दें कि पिछले साल जनवरी में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद समूह की विकास योजनाएं गड़बड़ा गई थी। हालांकि, पिछले एक साल में समूह की कंपनी अडानी पोर्ट्स लगातार अपना कारोबार बढ़ा रही है।

**कई अधिग्रहण कर चुकी कंपनी**

अडानी पोर्ट्स को पहले से ही दा नांग में ग्रीनफील्ड विकास के लिए वियतनामी सरकार से सैद्धांतिक मंजूरीŸ मिल गई है, जिसकी कीमत 2 बिलियन डॉलर से अधिक हो सकती है। इसके अलावा इजराइल में हाइफा, श्रीलंका में कोलंबो और तंजानिया में दार एस सलाम के बंदरगाह का भी अधिग्रहण किया जा चुका है। इस क्षेत्र में अडानी की महत्वाकांक्षाएं भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को दुनिया की फैक्ट्री बनाने के लक्ष्य के साथ जुड़ी हुई हैं।

# सेंसेक्स 166 अंक टूटकर 78,593 बंद, निफ्टी में भी 63.05 अंक की गिरावट



**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स 166.33 अंक टूटकर 78,593.07 और एनएसई निफ्टी 63.05 अंक की गिरावट के साथ 23,992.55 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार ने एक बार फिर यू-टर्न लिया है। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों ने बंपर उछाल के साथ शुरूआत की। हालांकि, कारोबार के आखिरी घंटे में मुनाफावसूली की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी, दोनों लाल निशान पर आ गए। 1:30 ढट बैंकिंग स्टॉक्स पर दबाव की वजह से सेंसेक्स ने अपनी सुबह की बढ़त काफी हद तक गंवा दी है। अभी सेंसेक्स 284 अंक ऊपर 79044 के लेवल पर है। एक समय यह यह करीब 1100 अंकों की उछाल के साथ 79852 के लेवल पर पहुंच गया था। निफ्टी भी आज दिन के हाई 24382 पर पहुंचने के बाद फिसल कर 24159 पर आ गया है। अभी केवल 103 अंक ऊपर ट्रेड कर रहा है। शेयर मार्केट में हरियाली पर मुनाफावसूली का ग्रहण लगना शुरू हो गया है। सुबह करीब 1100 अंक उछलने वाला सेंसेक्स अब केवल 395 अंक ऊपर 79154 पर आ गया है। एयरटेल, एचडीएफसी बैंक आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाइटन के शेयरों में गिरावट की वजह से सेंसेक्स की बढ़त कम हो गई है। शेयर मार्केट में हरियाली छाई हुई है। सेंसेक्स के सभी 30 स्टॉक्स हरे निशान पर हैं। वहीं, निफ्टी 50 के 48 स्टॉक्स हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। अभी यह इंडेक्स 282 अंकों की उछाल के साथ 24337 पर पहुंच गया है। जबकि, सेंसेक्स 874.44 अंक या 1.11 ऊपर 79,633.84 पर ट्रेड कर रहा है। शेयर मार्केट खुलते ही सेंसेक्स करीब 1000 अंक उछलकर 79776 के लेवल पर पहुंच गया। सेंसेक्स के सभी 30 स्टॉक्स हरे निशान पर ट्रेड कर रहे हैं। टाटा मोटर्स से लेकर नेस्ले तक में 3.71 फीसद तक की उछाल है। वहीं, निफ्टी 270 अंकों की उड़ान के साथ 24326 पर पहुंच गया है।

# सुजलॉन एनर्जी की प्रतिद्वंदी कंपनी को मिला बड़ा काम

## 1 साल 220% चढ़ा शेयर, कीमत 200 रुपये से कम

**नई दिल्ली।** सुजलॉन एनर्जी की प्रतिद्वंदी कंपनी आईएनओएक्स विंड लिमिटेड को 201 मेगावाट के इक्विपमेंट सप्लाई करने का काम मिला है। कंपनी को यह काम Integrum Energy से मिला है। कंपनी के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली थी।

**तेजी के बाद फिसला शेयर**

बीएसई में आईएनओएक्स विंड लिमिटेड के शेयर मंगलवार को 171.70 रुपये के लेवल पर खुला था। कंपनी का इंट्रा-डे हाई 179.40 रुपये है। हालांकि, इसके बाद आईएनओएक्स विंड लिमिटेड के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। जिसकी वजह से शेयर 2.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 166,35 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। सर्विसेज इंडस्ट्रियल और कॉमर्शियल कस्टमर्स के लिए Integrum Energy विंड और सोलर पावर प्लांट्स लगाती है। साथ प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और एसेट मैनेजमेंट सर्विसेज देती है।



आईएनओएक्स विंड लिमिटेड की बात करें तो यह 3 मल्टीलेयर ऑपरेशन्स और मेंटेनेंस सर्विसेज देती है।

# 2500 रुपये में अपने शेयर वापस खरीदेगी कंपनी, प्रॉफिट 3 गुना बढ़ा

**नई दिल्ली।** जून तिमाही के नतीजों के बाद जिन कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है उसमें Symphony Ltd एक है। मंगलवार को इस कंपनी के शेयरों का भाव 20 प्रतिशत चढ़ गया। कंपनी ने बायबैक का ऐलान किया है। तिमाही नतीजे और बायबैक के ऐलान ने कंपनी के शेयरों में पंख लगा दिया है। सोमवार को कंपनी के शेयर 1229.10 रुपये के लेवल पर बंद हुए थे। आज सुबह ये मामूली तेजी के साथ 1230.40 रुपये के लेवल पर खुले थे। लेकिन कुछ ही देर के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 20 प्रतिशत की तेजी के साथ 1474.90 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बता दें, बीएसई में कंपनी का यह 52 वीक हाई भी है।

**2.85 लाख शेयर खरीदेगी कंपनी**

कंपनी की बोर्ड मीटिंग में 2.85 लाख शेयर या 0.41 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदने की मंजूरी दी गई है। कंपनी इस बायबैक के लिए 2500 रुपये प्रति शेयर का भाव तय किया है। जोकि सोमवार की क्लोजिंग की तुलना 100 प्रतिशत अधिक है। बता दें, कंपनी ने इससे पहले 2023 में बायबैक किया था। तब से अबतक यह दूसरी बार बायबैक होने जा रहा है। हालांकि, इस बार के बायबैक के लिए अभी रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया गया है।



**जून तिमाही में कंपनी ने किया शानदार प्रदर्शन**

अप्रैल से जून 2024 के दौरान Symphony Ltd का प्रॉफिट 88 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी को 24 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। रेवन्यू की बात करें तो इसमें भी इजाफा देखने को मिला है। जून क्वार्टर में कुल रेवन्यू 76 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 531 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, पहले वित्त वर्ष में एइक्ळ्ऊ्अ 111 करोड़ रुपये रहा। जोकि पिछले साल के पहले वित्त वर्ष में 26 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के शेयरों के प्रदर्शन की बात करें तो 2024 में अबतक यह 65 प्रतिशत की

## राशिफल

**मेष :** आज प्रेम संबंधों में संयम की जरूरत है, आपको ध्यान देना होगा। आपसी गलतफहमी को बढ़ावा न दें, नहीं तो रिश्ता टूट सकता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। गर्लफ्रेंड के साथ डेटिंग पर जाएंगे। उनके साथ मस्ती भरे पल बिताने जा रहे हैं।

**मिथुन :** उत्साह से भरपूर, लेकिन प्रेम जीवन को लेकर असमंजस में रहेंगे। शादीशुदा जोड़े के रिश्ते में छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव रहेगा।

**कर्क :** लव लाइफ में आज कुछ नया होने वाला है। पार्टनर के कहने पर किसी रोमांटिक जगह घूमने जाने वाले हैं। आप अपने जीवनसाथी को कोई नया तोहफा देने वाले हैं।

**सिंह :** अब प्यार की राह में मुश्किलें खत्म हो रही हैं। लव पार्टनर, लाइफ पार्टनर आपकी हिम्मत है। रोमांस और मस्ती का दिन। नए साथी का आगमन हो सकता है।

**कन्या :** आज आपके जीवन में कोई ऐसा साथी जुड़ जाएगा जो आने वाले समय में सफलता में सहायक होगा। यह आपका लव पार्टनर भी हो सकता है।

**तुला :** आज लव लाइफ के बड़े फैसले लेंगे। आपका साहस और उत्साह ऑफिस के बॉस और कुली से प्रभावित होगा। आज आप शादी का कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

**वृश्चिक :** किसी पार्टी में दोस्तों के साथ मस्ती करने जा रहे हैं। आप इस दौरान नया लव पार्टनर भी बना सकते हैं। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**धनु :** प्रेमी का स्वास्थ्य नाजुक रहेगा। आप अभी भी प्यार में हैं तो सावधान हो जाइए। वह किसी कारण से आपसे नाराज हो सकता है या आप पर अविश्वास कर सकता है।

**मकर :** आज इंटरनेट से जानिए कि किसी से प्यार हो सकता है। उनसे मुलाकात भी संभव है। अति उत्साहित होना आपके लिए ठीक नहीं रहेगा।

**कुंभ :** आज रहें सतर्क। किसी भी तरह के विवाद और झगड़े से बचें। प्रेमी से वाद-विवाद हो सकता है, मिलना संभव नहीं होगा। मन में कई नकारात्मक विचार बने रहेंगे।

**मीन :** लव लाइफ में अकेलापन महसूस करने वालों के लिए दिन खास है। जीवन में कोई लव पार्टनर आएगा। पार्टनर के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

## चुटकुले

पड़ोसन पांच मिनट से हाथ हिला रही थी, तो
पप्पू ने भी हाथ हिलाया और हाय किया...!
पीछे से बीवी ने पीठ पर जोरदार थाप मारी
और बोली
सामने वाली तुम्हें हाय नहीं कर रही है,
अपनी खिड़की का कांच साफ कर रही है...!

---

पत्नी - क्या बनाऊं आज...?
पति - बात का बतंगड़ छोड़ के कुछ भी
बना ले, खा लूंगा...!

---

पप्पू (मन ही मन सोचते हुए)
मेरा तो दिमाग घूम गया ये सोच सोच कर कि
कुछ लोग शादी के बाद भी 'ब्लड डोनेट'
करते हैं...!
आखिर इतना बचता कैसे है...?

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने ŸटॉमटाटोŸ का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# नीरज चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया



**पेरिस।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की शानदार शुरूआत की। नीरज ग्रुप बी के क्वालिफिकेशन में सबसे पहले शुरूआत करने आए और उन्होंने अपना इस सत्र का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो किया जो 84 मीटर के स्वतः क्वालिफिकेशन से काफी अधिक था। नीरज ने अपने स्वर्ण पदक के बचाव की बेहतरीन शुरूआत की है और उनसे फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। नीरज के अलावा पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने भी पहले ही प्रयास में कमाल का प्रदर्शन किया और 86.59 मीटर का थ्रो कर स्वतः फाइनल के लिए क्वलिफाई कर लिया। नीरज की तरह अरशद का भी यह सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था।

### नीरज दो ओलंपिक स्वर्ण जीतने से एक कदम दूर



नीरज अब फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा ( फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं।

### पहले प्रयास के बाद नीरज ने आगे नहीं लिया हिस्सा

ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पीटर्स ने पहले प्रयास में 88.63 का थ्रो फेंक और वह ग्रुप बी से सीधे क्वालिफाई करने वाले तीसरे एथलीट रहे। नीरज पहले प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट रहे थे। पहले प्रयास में फाइनल के लिए सीधे क्वालिफाई करने के बाद नीरज और अरशद ने क्वालिफिकेशन में आगे हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया और वे अन्य प्रयास में भाला फेंकने नहीं आए। फाइनल मुकाबला आठ अगस्त को भारतीय समयानुसार देर रात 11.50 बजे से होगा।

### ग्रुप-बी से किस-किस ने किया क्वालिफाई

नीरज के अलावा ग्रुप बी से ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (88.63 मीटर), राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम (86.59 मीटर), ब्राजील के लुईस मॉरीसियो डा सिल्वा (85.91 मीटर) और मालदोवा के एंड्रियन मारडेयर (84.13 मीटर) ने भी भाले को 84 मीटर से अधिक दूर फेंककर सीधे फाइनल में जगह बनाई।

# विनेश फोगाट की सेमीफाइनल में एंट्री

## जीत से एक कदम की दूरी

**पेरिस।** भारत की दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक के महिला 50 किग्रा कुश्ती भारवर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। विनेश ने अपना प्री-क्वार्टर फाइनल और क्वार्टर फाइनल मैच मंगलवार को ही खेला और क्या शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने पहले ही मैच में टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व नंबर एक को हराया, फिर दूसरे मैच में टेक्निकल सुपीरियोरिटी से जीतकर आ रही पहलवान को चित कर दिया। इस तरह विनेश ने अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह पदक पक्का करने से बस एक कदम दूर हैं। विनेश पिछले एक साल से अलग-अलग कारणों से चर्चा में रही हैं। हालांकि, उन्होंने अपने प्रदर्शन से पूरे देश का दिल जीत लिया है। विनेश आज रात पौन 10 बजे के बाद वह कभी भी अपना सेमीफाइनल मैच खेलने उतरेंगी।

### ओलंपिक चैंपियन सुसाकी को पहले मैच में हराया

विनेश ने अंतिम 16 मैच में मंगलवार को जापान की विश्व नंबर एक युई सुसाकी को 3-2 हरा कर बड़ा उलटफेर किया। चार बार की विश्व चैंपियन सुसाकी ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। विनेश के खिलाफ मुकाबले में आखरी 15 सेकंड से पहले उनके पास 2-0 की बढ़त थी।अपना तीसरा ओलंपिक खेल रही विनेश ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल कर आखिरी 15 सेकंड में जापान की चैंपियन पहलवान को टेकडाउन कर जीत हासिल की। विनेश ने 3-2 से मैच अपने नाम किया।

### सुसाकी को आखिरी कुछ सेकंड में हराया

जापान ने इसके खिलाफ अपील भी की, लेकिन रेफरी ने वीडियो रीप्ले देखने के बाद उसे खारिज कर दिया। विनेश पहली बार 50 किग्रा में चुनौती पेश कर रही है। इससे पहले वह 53 किग्रा में खेलती थी। विनेश शुरूआती एक मिनट मे सुसाकी कोई पकड़ बनाने का कोई मौका नहीं दिया। सुसाकी हालांकि दूसरे मिनट में बढ़त बनाने में सफल रही। विनेश ने सुसाकी की आक्रमण का अपनी मजबूत रक्षण से शानदार जवाब दिया। दूसरे राउंड में भी सुसाकी विनेश की रक्षण को भेदने में सफल नहीं रही लेकिन उन्होंने एक अंक हासिल कर 2-0 की बढ़त बना ली। विनेश ने अपना सर्वश्रेष्ठ आखिरी कुछ सेकेंडों के लिए बचा रखा था और उनके अचानक से अपनाये गये आक्रामक रवैये ने जापान की पहलवान को संभलने का मौका नहीं दिया।



भारतीय खिलाड़ी का दम

### दूसरा मैच विनेश ने कैसे जीता?

इसके लगभग एक घंटे बाद अपने क्वार्टर फाइनल मैच में विनेश यूक्रेन की ओकसाना लिवाच के सामने उतरीं। लिवाच ने प्री क्वार्टर फाइनल में टेक्निकल सुपीरियोरिटी के आधार पर 10-0 से जीत हासिल की थी। हालांकि, विनेश के सामने वह कमजोर नजर आईं। विनेश ने शुरू में ही 4-0 की बढ़त ले ली और फिर स्कोर 6-0 कर दिया। इसके बाद यूक्रेन की पहलवान ने वापसी की कोशिश की और दो अंक बटोरे। हालांकि, विनेश ने फिर एक अंक लिया। आखिरी कुछ सेकंड में यूक्रेन की पहलवान लिवाच ने वापसी की कोशिश की, लेकिन पांच अंक तक ही पहुंच सकीं। इस तरह विनेश ने लिवाच को 7-5 से हरा दिया। अब उनका उनका सामना सेमीफाइनल में क्यूबा की पहलवान युसनेलिस गुजमान लोपेज से होगा। युसनेलिस ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी को टेक्निकल सुपीरियोरिटी से हराया है।

# कोच वीरेंद्र दहिया ने कोरियाई खिलाड़ी को ठहराया निशा दहिया की चोट का जिम्मेदार





**पेरिस।** भारत की स्टार पहलवान निशा दहिया महिलाओं की 68 किग्रा स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में चोटिल हो गईं। सोमवार को उनका सामना उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हुआ। इस मैच के दौरान निशा के दाएं हाथ में गंभीर चोट आई जिसकी वजह से उन्हें मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। अब महिला पहलवान की चोट पर राष्ट्रीय टीम के कोच वीरेंद्र दहिया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उत्तर कोरिया की खिलाड़ी को इस चोट का जिम्मेदार ठहराया है।

**राष्ट्रीय टीम के कोच ने लगाया बड़ा आरोप**

वीरेंद्र दहिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते बताया कि उत्तर कोरिया की खिलाड़ी पाक सोल गम ने जानबूझकर निशा को चोट पहुंचाई। उन्होंने कहा, यह शत प्रतिशत जानबूझकर किया गया था, उसने जानबूझकर निशा को चोट पहुंचाई। हमने देखा था, कोरियाई कोने से एक निर्देश आया था जिसके बाद उसने कलाई की जोड़ के पास पर हमला किया। उसने निशा से पदक छीन लिया। जिस तरह से निशा ने शुरूआत की थी, पदक उसके गले में था और उसे छीन लिया गया है। निशा रक्षण और जवाबी हमले दोनों में शानदार थी उसने एशियाई क्वालीफायर में उसी पहलवान को हराया था।

**चोटिल होने की वजह से हारीं निशा**

निशा के लिए यह मुकाबला बेहद दर्दनाक साबित हुआ। उन्होंने तीन मिनट तक 8-1 की बढ़त बना ली थी। फिर उत्तर कोरियाई पहलवान ने निशा को मैट से बाहर कर एक अंक अर्जित किया और स्कोर 8-2 हो गया। जब मुकाबले को खत्म होने में 33 सेकंड बचे थे, तभी निशा चोटिल हुईं। मैच को रोका गया और उनके हाथ पर बैंड पहनाया गया। हालांकि, बैंड बांधना निशा के लिए अच्छा साबित नहीं हुआ। उत्तर कोरिया की पहलवान ने इस मौके का फायदा उठाया और 11 सेकंड में चार अंक हासिल किए और स्कोर 8-8 से बराबर हो गया। जब मैच खत्म होने में 12 सेकंड बचे थे। तभी निशा को ज्यादा दर्द होने लगा और मैच फिर रोका गया। फीजियो ने निशा का इलाज किया, लेकिन निशा को देखकर लग रहा था कि उनके दाएं हाथ में काफी तेज दर्द था। वो उस वक्त रोने लगीं। हालांकि, कोच ने निशा से कहा कि अभी भी आप जीत सकती हैं। अगर स्कोर 8-8 की बराबरी पर रुका होता तो निशा सेमीफाइनल में पहुंच जातीं। हालांकि, आखिरी 12 सेकंड में उत्तर कोरियाई पहलवान ने दो अंक हासिल किए और मैच 10-8 से अपने नाम किया।

# किशोर जेना का ओलंपिक में सफर हुआ खत्म

## 80.73 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सके



**पेरिस।** भारत के किशोर जेना मंगलवार को पुरुष भाला फेंक के ग्रुप ए क्वालिफिकेशन में 80.73 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ अपने ग्रुप में नौवें स्थान पर रहे। ग्रुप ए से चार एथलीट्स ने 84 मीटर के ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन मार्क को पार किया और फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। इसके बाद ग्रुप बी से नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के नदीम समेत पांच एथलीट्स ने ऑटोमैटिक क्वालिफाई किया। यानी दोनों ग्रुप से कुल नौ एथलीट्स ने ऑटोमैटिक क्वालिफाई किया फाइनल के लिए। ग्रुप ए और बी क्वालिफिकेशन के बाद 84 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाना था। नौ के बाद बचे तीन स्थान पर उन जेवलिन थ्रोअर्स ने क्वालिफाई किया जिनका थ्रो इन आठ के बाद बेस्ट था। हालांकि, इन तीन सर्वश्रेष्ठ प्रयास में जेना को थ्रो कहीं नहीं था। उनसे ऊपर कई एथलीट्स का थ्रो रहा।

### जेना का थ्रो कैसा रहा?

जेना ने अपने पहले प्रयास में भाले को 80.73 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन अपने दूसरे प्रयास में फाउल कर गए। उन्होंने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में भाले को 80.21 मीटर की दूरी तक फेंका। ग्रुप ए से जर्मनी के जूलियन वेबर अपने पहले ही प्रयास में 87.76 मीटर के प्रयास से शीर्ष पर रहे और फाइनल के लिए क्वालिफाई कर गए। कीनिया के पूर्व विश्व चैंपियन जूलियस येगो (85.97 मीटर) और टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकुब वादलेच (85.63 मीटर) ने क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई।

### जेना ने एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था

फिनलैंड के टोनी केरानेन (85.27 मीटर) भी भाले को 84 मीटर से अधिक दूर फेंककर ग्रुप ए से सीधे फाइनल में जगह बनाने वाले चौथे खिलाड़ी रहे। जेना ने पिछले साल अक्तूबर में एशियाई खेलों का रजत पदक जीतने के दौरान 87.54 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इसके बाद मंगलवार से पहले वह छह प्रतियोगिताओं में सिर्फ एक बार 80 मीटर की दूरी को पार करने में सफल रहे हैं।

# जर्मनी के खिलाफ जीत भारतीय टीम को दिलाएगी फाइनल का टिकट



**पेरिस।** ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने की राह पर भारतीय हॉकी टीम के सामने मंगलवार को सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन जर्मनी की चुनौती होगी और इस बाधा को पार करके टीम संकटमोचक पी आर श्रीजेश को शानदार विदाई देने के अपने मिशन की अगला कदम रखेगी। ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 10 खिलाड़ियों तक सिमटने के बावजूद भारतीय टीम ने जिस साहस और कौशल का प्रदर्शन करके मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचा था। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक मैच में जर्मनी की पेनाल्टी बचाकर भारत को 41 साल बाद पदक दिलाने वाले नायक श्रीजेश एक बार फिर जीत के सूत्रधार बने। उन्होंने शूटआउट में ब्रिटेन के दो शॉट बचाए और इससे पहले निर्धारित समय के भीतर भी ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और दस पेनाल्टी कॉर्नर बनाए, लेकिन महज एक सफलता मिली। 36 वर्ष के श्रीजेश का यह आखिरी टूनामेंट है और उन्हें स्वर्ण पदक के साथ विदा करने का मिशन भारतीय टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा बना है। भारत ने आठ ओलंपिक स्वर्ण में से आखिरी 1980 में मॉस्को में जीता था और अब पेरिस में उसके पास 44 साल बाद इतिहास रचने का मौका है। सेमीफाइनल जीतने पर भारत का रजत तो पक्का हो जाएगा जो आखिरी बार उसने 1960 में रोम में जीता था। रोहिदास की गैर मौजूदगी भारत को पेनाल्टी कॉर्नर में भी खलेगी क्योंकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद वह भारत के ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ हैं। उनकी गैर मौजूदगी में अब हरमनप्रीत पर अतिरिक्त दबाव रहेगा जो शानदार फॉर्म में हैं और अब तक सात गोल कर चुके हैं। आधुनिक हॉकी में भारतीय डिफेंस का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और जैसा कि कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि यह जीत नहीं एक स्टेटमेंट था। क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना को हराने वाली जर्मनी का सामना भारत से टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के मैच में हुआ था जिसमें भारत ने 5-4 से जीत दर्ज की थी। श्रीजेश ने आखिरी सेकंड में पेनाल्टी कॉर्नर बचाया था। ओलंपिक से पहले भारत ने जर्मनी से अभ्यास मैच खेले थे और छह में से पांच जीते। इस साल जून में एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण में भारत ने जर्मनी को 3-0 से हराया, लेकिन रिटर्न मैच में 2-3 से हार गए।

# मीराबाई चानू की नजर पेरिस में ऐतिहासिक पदक पर

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के 11वें दिन के मुकाबले शुरू हो चुके हैं। भारतीय एथलीट्स दमदार प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। आज मीराबाई चानू भारोत्तोलन में अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। वह इस टूनामेंट में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनना चाहेंगी। मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलों के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थी लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रही जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नहीं कर पाई। टोक्यो ओलंपिक के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रहा, जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाया। उन्होंने टोक्यो में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था। मीराबाई अपने पसंदीदा 49



किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगी और अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहती हैं तो फिर रजत या कांस्य पदक जीत सकती हैं। इस वजन वर्ग में चीन की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन होउ झिहुई फिर से स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार हैं। मीराबाई ने कूल्हे की चोट से उबरने के बाद वापसी की है। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा ने बताया कि खिलाड़ी पूरी तरह से फिट है। शर्मा ने पीटीआई से कहा, हम जानते हैं कि मीराबाई को 200 किग्रा से अधिक वजन उठाना होगा। उनके लिए इस बार 202 किग्रा में कटौती नहीं की जाएगी लेकिन उन्हें 205-206 किग्रा तक जाना चाहिए। हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

# भारतीय पुरुष टीटी टीम पहले मैच में चीन से हारकर बाहर

**पेरिस।** शरत कमल, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम मंगलवार को राउंड 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी टीम से हारकर पेरिस 2024 ओलंपिक से बाहर हो गई। सर्वश्रेष्ठ पांच मुकाबलों वाले मैच में, 14वीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम मौजूदा चैंपियन चीन से 0-3 से हार गई। सबसे पहले, पुरुष युगल मैच में, दुनिया के नंबर 1 एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी वांग चुकिन और पांच बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मा लोंग ने हरमीत और मानव को 3-0 (11-2, 11-3, 11-7) से हराया। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और दुनिया के 41वें नंबर के भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी शरत कमल ने दुनिया के नंबर 2 एकल खिलाड़ी फैन जेंडॉन्ग के खिलाफ मुकाबले का दूसरा मैच खेला, जिन्होंने पेरिस 2024 में पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता था। शरत ने पहला गेम जीता लेकिन अंततः मुकाबला 1-3 (11-9, 7-11, 7-11, 5-11) से हार गए। उस मैच में जो भारत का दिन बना सकता था, दुनिया के 59वें नंबर के मानव ने वांग चुकिन के खिलाफ अच्छा खेला, लेकिन चीनी खिलाड़ी का कौशल स्तर बिल्कुल बेजोड़ था, क्योंकि ठक्कर 0-3 (11-9, 11-6, 11-9) से हार गए। इससे पहले, हरमीत और शरत पुरुष एकल स्पर्धा के पहले दौर में बाहर हो गए थे। दूसरी ओर, मानव ने केवल टीम स्पर्धा में भाग लिया। 11वीं वरीयता प्राप्त मनिका बत्रा, श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ की भारतीय महिला टीम ने सोमवार को 16वें राउंड के मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त रोमानिया को 3-2 से हरा दिया। भारतीय तिकड़ी बुधवार को क्वार्टर फाइनल में अमेरिका और जर्मनी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।



# किरण पहल 400 मीटर सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम

**पेरिस।** भारतीय क्वार्टर-माइलर किरण पहल पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर रेपेचेज राउंड की हीट 1 में छठे स्थान पर रहीं और मंगलवार को सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाने में असफल रहीं। पहल ने रेपेचेज राउंड में 52.59 सेकेंड का समय लिया, जो पहले राउंड में उनके 52.51 सेकेंड के समय से धीमा था। 24 वर्षीय खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सका क्योंकि प्रत्येक हीट में केवल शीर्ष एथलीट, साथ ही रेपेचेज में कुल मिलाकर दो सर्वश्रेष्ठ एथलीट ही आगे बढ़े। पेरिस 2024 में, 200 मीटर से 1500 मीटर (बाधा सहित) तक की सभी व्यक्तिगत ट्रैक स्पधाओं के लिए एक रेपेचेज राउंड शुरू किया गया। नया प्रारूप पुरुषों और महिलाओं दोनों की दौड़ में कुल छह अलग-अलग दूरी को कवर करता है,



जिसमें सामान्य तीन के बजाय चार राउंड शामिल हैं। नए रेपेचेज प्रारूप में, जो एथलीट राउंड एक हीट में भाग लेकर क्वालीफाई नहीं कर पाते, उनके पास रेपेचेज हीट में भाग लेकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का दूसरा मौका होगा। यह नया रेपेचेज प्रारूप पूर्व प्रणाली की जगह लेगा, जब एथलीट सबसे तेज समय के माध्यम से आगे बढ़ते थे, जिन्हें कभी-कभी हीट में शीर्ष स्थानों के अलावा 'लकी लूजर' के रूप में भी जाना जाता है। किरण ने जून में अंतर-राज्य एथलेटिक्स के दौरान महिलाओं की 400 मीटर में पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। उन्होंने प्रतियोगिता के शुरूआती दिन 50.92 सेकंड का समय लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के क्वालीफिकेशन समय 50.95 को बेहतर करने के लिए तेज गति से दौड़ लगाई। वह अब तक की दूसरी सबसे तेज भारतीय महिला 400 मीटर धावक के रूप में भी उभरी हैं। विशेष रूप से, हिमा दास के पास 2018 में 50.79 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। किरण आठ साल के अंतराल के बाद ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला क्वार्टर-माइलर हैं, क्योंकि निर्मल श्योरण (हरियाणा) ने 2016 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

# पवन सेहरावत, प्रदीप नरवाल जैसे स्टार खिलाड़ी भी नीलामी में शामिल

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने मंगलवार को सीजन 11 के लिए 'एलीट रिटेन प्लेयर्स', 'रिटेन युवा प्लेयर्स' और 'मौजूदा नए युवा प्लेयर्स' की घोषणा की, जिसमें पवन सेहरावत, प्रदीप नरवाल समेत कई अन्य स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। जिन खिलाड़ियों को रिटेन नहीं किया गया है, उसमें सहरावत और नरवाल के अलावा मनिंदर सिंह, फजल अत्राचली और मोहम्मदरेजा शादलौई चियानेह शामिल हैं। ऑक्शन 15 और 16 अगस्त को मुंबई में होगा। प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों के एक मजबूत कोर ग्रुप को बरकरार रखा है। पीकेएल सीजन 11 की प्लेयर ऑक्शन में कई धाकड़ और तगड़े खिलाड़ी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों का नाम देखकर साफ पता चल रहा है कि इस बार ऑक्शन काफी रोमांचक होने वाला है। दबंग दिल्ली ने अपनी रेडर जोड़ी आशु मलिक और नवीन कुमार को रिटेन किया है। इस बीच, सीजन 10 में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले असलम इनामदार को पुणेरी पल्टन ने रिटेन किया है। इसके अलावा, जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने स्टार रेडर अर्जुन देशवाल को रिटेन किया है। कुल 88 खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों में रिटेन किया गया, जिसमें 22 एलीट रिटेन प्लेयर्स (ईआरपी) श्रेणी से, 26 रिटेन युवा प्लेयर्स (आरवाईपी) श्रेणी से और 40 मौजूदा नए युवा खिलाड़ी (ईएनवाईपी) से हैं।

# टैक्स की मार - जनता पर वार : टैक्स में बढ़ोतरी से जनता हुई परेशान

## वार्ड 19 के सभासद प्रवीण गुर्जर ने नाराजगी जाहिर की






**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नगर पालिका परिषद की ओर से लगातार गृहकर व जलकर में की जा रही बढ़ोतरी को लेकर अब पालिका सभासद भी लामबंद हो गये हैं। कर में निरंतर वृद्धि से एक ओर जहां आमजन में भारी रोष है, वहीं कई गुणा करों में वृद्धि कर वसूली के लिए भेजे गये नोटिस को लेकर पालिका सभासदों के बीच भी आंदोलन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। इतना ही नहीं पालिका की निर्मित दुकानों के किराये व स्थानांतरण फीस में की गयी भारी वृद्धि से व्यापारियों की नाराजगी कभी भी सड़कों पर दिखाई दे सकती है।

इन सब मुद्दों को लेकर नगर पालिका के वार्ड 19 ऋषभ बिहार कालोनी से सभासद प्रवीण गुर्जर पुत्र डॉ. बबली गुर्जर ने कालोनीवासियों के समक्ष पहुंचे नोटिसों को लेकर रोष जाहिर करते हुए बकायदा सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत जनहित में कई बिंदुओं पर पालिका के जन सूचनाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी से सूचना मांगी है। प्रवीण गुर्जर ने कोविड-19 के दौर में पालिका क्षेत्र की स्थित सम्पत्तियों के करों में दी गयी छूट के बारे में पूछा है, क्या इस दौर का गृहकर व जलकर माफ किया जा सकता है। उनकी ओर से वार्ड-19 में लगाये गये करदाताओं की आगामी बोर्ड बैठक में इस जनहित से जुड़े मुद्दे पर पालिका के अधिकारियों की लिस्ट तक मांगी गयी है।

उन्होंने मोदियो की कंपनियों व शिक्षण संस्थानों पर लगाये गये करों व उनके भुगतान का विवरण भी मांग लिया है। इसी प्रकार तेल मिल से सभासद सूबे सिंह ने भी गृहकर व जलकर के साथ कूड़ा टैक्स, सीवर कर की वृद्धि को लेकर नाराजगी जाहिर की है। इन सब मुद्दों को लेकर नगर पालिका के सभासद लामबंद होते दिख रहे हैं। आशंका है कि सभासदों व आमजन का गुस्सा कभी भी सड़कों पर फूट सकता है। प्रवीण गुर्जर द्वारा सौपे गये मांग पत्र में अधिशासी अधिकारी को 15 दिन का समय दिया गया है, उचित जबाब ना मिलने की दशा में उन्होंने अग्रिम कार्रवाई की बात कही है।

# केदारनाथ यात्रा में फंसे प्रभावित

## परिवार की होगी हर संभव मदद :रीना भाटी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** केदारनाथ में बादल फटने की घटना के बाद खोड़ा के रखने वाले परिवार के सदस्य फंसे हुए है। मंगलवार को पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलने पहुँची पूर्व खोड़ा नगरपालिका चेयरमैन रीना भाटी ने लोगों का हालचाल जानकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया है। उत्तराखंड के केदारनाथ में बादल फटने की घटना हुई है, इन सभी को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया जा रहा है। बदरवास के करीब 60 निवासी केदारनाथ यात्रा में गए थे। बादल फटने की वजह से यात्री यात्रा में फंस गए। उन्होंने कहा कि खोड़ा के प्रभावित चार परिवारों से सम्पर्क किया, उत्तराखण्ड शासन प्रशासन से लगातार संपर्क कर प्रभावितों को हर सम्भव सहायता देने को कहा।




### उसने कर दिया ये एलान कि मैं ही लड़ूगा कांग्रेस से शहर उपचुनाव

ऐसा नही है कि दावेदारी का मेला सिर्फ फूल वालों के यहां ही हैं। हाथ वाले भी जोश में हैं और एक दावेदार तो इतना जोश में हैं कि उसने घर घर जाकर कहना शुरू कर दिया है कि टिकट मेरा ही फाईनल है और मैं ही शहर में कांग्रेस सीट से उपचुनाव लड़ूंगा। रामलीला वाले उनके बिरादर ही बता रहे हैं कि उनका तो किरदार ही अभी से दावेदार का नही बल्कि उम्मीदवार का हो गया है। वो एलान कर चुके हैं कि शहर सीट पर मैं ही कांग्रेस के टिकट पर उपचुनाव लड़ने जा रहा हूं। मजे की बात ये हैं कि उनके इस एलान से हाथ वाले हैरान हैं मगर फूल वालों में खुशी का माहौल हैं। उनका कहना है कि अगर इसे टिकट मिल गया तो हम जीत के और निकट पहले दिन से ही आ जायेगें। फूल वाले दुआ कर रहे हैं कि हाथ वाला टिकट इसी दावेदार को ही मिल जाये।

### मेंबर को देना ही पड़ेगा ये किसी किताब में नही लिखा है

इस बार निगम में रिकार्ड ही बन गया है और 100 वार्ड वाले सदन में 75 फूल कमल के खिले हैं। जो बागी होकर लड़े थे वो भी बाद में राजी होकर भाजपाई हो गये। कुछ बिना दल के लड़े थे पर बाद में दिल भाजपाई हो गया। मगर रिकार्ड ये भी है कि हर वार्ड से शोर मच रहा है कि हमारे वाला कमीशनखोर हैं और हमारे वाला कमीशनखोर हैं। इन मौहल्ला लहरवीरों के शिकायती तीरों से मौहल्ला परेशान है कि ये तो हमसे ही गलती हो गई जो इन्हे जिता दिया। निगम की विकास फिल्म में सीन ये चल रहा है कि कोई आठ मांग रहा है और कोई पांच मांग रहा है। तीन का तो रेट ही खत्म हो गया है। दो की तो बात ही मत करो और ढाई वाली कहानी भी अब खत्म हो चुकी है। टेंडर मैन ने ही कहा कि ये तो सिर्फ मौहल्ला मेंबर हैं और ओनली अपने ही वार्ड के विकास को जानते हैं और हम सबका साथ सबका विकास में विश्वास रखते हैं। उन्हे अपने पांच से मतलब हैं और हमारी डायरी में एमबी भरने से लेकर आरटीजीएस वाले का भी हिस्सा ईमानदारी से लिखा हैं। ये तो एक तरह से परंपरा मान लो कि मेंबर को तो हम दे ही देते हैं वरना उसे देना ही पड़ेगा ये निगम की किसी किताब में कहीं नही लिखा है भाई।

### गोल्फ लिंक वाले सटोरिये ने रख लिया अपना नाम रैनबैक्सी

सही में आईपीएल से लेकर इंटरनेशनल क्रिकेट तक असली जलवा तो बुकी और पंटरो का ही है। नेपाल से लेकर दुबई तक हर बार ठिकाने बदल रहे एक सटोरिये ने तो अब अपना नाम भी बदल बदल कर रख लिया है। शुरू वो मोबाईल कंपनी से हुये और जियो उस्ताद कहलाये। बात उस्ताद तक नही रूकी और कभी ब्लैक एंड व्हाइट टीवी के जमाने की कंपनी टैक्सला के नाम पर उन्होने अपना नाम रख लिया। अब कहानी का सीन मेडीसीन तक आ पहुंचा है। अब गोल्फ लिंक वाले सटोरिये ने अपना नाम रैनबैक्सी रख लिया है। दिल्ली नोएडा से बदर होने के बाद अब उसने अपना नया ठिकाना गाजियाबाद में बनाया है। मकान किराये का है और कटटर दोस्त ने ही दिलाया है।

# आया सावन झूम के... : तीज के लिए नवविवाहिता जमकर कर रहीं खरीदारी



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** ओढ़कर लाल चुनरियां, चूड़ियां हरी लाल पहन गुजरिया, आया सावन माह मां ने पीहर बुलाया, मिले प्रेम उपहार। नवविवाहिताओं के लिए तीज का त्योहार बेहद खास होता है। इसमें 16 शृंगार कर सखियों के साथ झूला झूलने और सखियों के बीच पिया की बाते करने का आनंद ही कुछ अलग होता है। लड़कियों की शादी के बाद पहली तीज मायके में ही मनाई जाती है। जिसे लेकर घरो में विशेष तैयारियां चल रही हैं। बहू की पहली तीज के लिए सास और मां तैयारियों में जुटी हुई हैं। वहीं दुल्हनें खुद भी ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, झूला और लहंगे तैयार कराने में लगी हुई हैं। ऐसी ही कुछ नवविवाहिताओं ने अपनी पहली तीज पर अपने दिल की बात कही है।

कुछ अलग सा हो रहा है महसूस। आंचल इस समय अपने मायके आई है। आंचल ने बताया कि इस बार उनकी पहली तीज है। जिसके लिए उन्होने जमकर खरीदारी भी की है। तीज वाले दिन अपनी सखियों के साथ मिलकर झूला भी झूलेंगी। इसलिए इस बार उन्हे अलग सा महसूस हो रहा है। इतना ही नहीं वह तीज के लिए पहले से ही बाजार से खरीदारी भी कर रही है। बहुत भावुक पल होता है आंशिका का कहना है कि शादी के बाद इस बार मेरी पहली तीज है। उन्होने बताया कि तीज पर उन्हे सजना संवरना बेहद पसंद है। शादी के बाद मायके में पहली तीज मनाने के लिए बेहद खुश है।

## पूजा त्यागी की अध्यक्षता में मनाई गई तीज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा में मन्नत होटल में मंगलवार को महिला मंडल ने मिलकर तीज का महोत्सव मनाया। महोत्सव में महिलाओं ने तंबोला, मेहंदी, अंतराक्षरी आदि खेलों का आयोजन किया। इस अवसर पर पूजा, श्वेता, सुमन, प्रियंका, नीलम, अनु, दीपा, मनीषा, योगिता, शीला, प्रीति, शालिनी, पूनम, भावना, पिंकी, शिखा, विमल, सविता, इलू रानी, सोनल आदि महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

## हनीमून जाऊंगी जरूर.... : ससुराल पक्ष को दी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक वृद्ध महिला की शिक्षिका बहू पर विदेश में हनीमून मनाने की जिद पूरी ना होने पर सुसराल पक्ष को झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। देवेन्द्रपुरी कालोनी निवासी महिला विमला ने दर्ज कराई रिपोर्ट मे आरोप लगाया है कि उसके पुत्र का विवाह 20अप्रैल 2024 को बुलंदशहर के स्याना में तैनात एक सरकारी शिक्षिका से हुआ था। आरोप है कि शिक्षिका बहू ने शादी के बाद हनीमून विदेश में मनाने की जिद रखी। जिसे लेकर विवाद हो गया ओर शिक्षिका ने ससुराल पक्ष के लोगों को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे डाली। पीड़िता वृद्धा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मुलाकात



गाजियाबाद, करंट क्राइम। बीजेपी क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान ने लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंट किया।




## कौन लेगा इस ऑफिस में एंट्री

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते 20 दिनों के दौरान तीन आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं। इन पदों के बाद दो आईपीएस अधिकारी तो अलग-अलग जोन में तैनात कर दिए गए लेकिन एक आईपीएस अधिकारी यहां से भेजे गए। उनकी जगह कोई नहीं आया, सूत्र बता रहे हैं कि यहां एक अतिरिक्त आईपीएस अधिकारी की तैनाती चल रही थी लेकिन अब कोई नहीं आएगा ऐसा कहा जा रहा है। इसके बाद चर्चा शुरू हो गई है कि पुलिस ऑफिस में बने आईपीएस अधिकारी के कार्यालय में कौन एंट्री लेगा। इस ऑफिस में किसी एडीसीपी को एंट्री मिलेगी या कोई एसीपी स्तर के अधिकारी का यह नया ठिकाना बनेगा। सूत्र बता रहे हैं कि बीते कई दिनों से यह रूम नए साहब का वेट कर रहा है, पर अब संकेत मिले हैं कि कोई नई एंट्री नहीं होगी। पुलिस कमिश्नरेट के ही पुराने फेस से यहां किसी को भेजा जा सकता है। इसी के साथ बीते दिनों एसीपी स्तर के अधिकारियों की एक प्रदेश वाली लिस्ट आई जिसमें एक गाजियाबाद से भी एसीपी को पूर्वांचल भेजा गया है, उनके स्थान पर यहां कोई नई तैनाती नहीं हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से गाजियाबाद से चेहरे बाहर तो भेजे जा रहे हैं लेकिन नए चेहरों को पोस्टिंग नहीं दी जा रही है। इसकी प्रदेश और कई कमिश्नरेट में चर्चा शुरू हो गई है। माहौल यह बन रहा है कि क्या लोग गाजियाबाद आना नहीं चाह रहे हैं या वजह कुछ और है। उधर लोकल सूत्र यह बता रहे हैं कि यहां आईपीएस और एसीपी स्तर के अधिकारियों की संख्या अधिक हो गई थी। इस वजह से ऊपर से नए नाम यहां नहीं भेजे जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक एसीपी का बीते दिनों एडीसीपी पद पर प्रमोशन हो गया था लेकिन उनका भी पदोन्नति के बाद कोई फोटो सोशल मीडिया पर अभी जारी नहीं किया गया है। बता दें कि इससे पहले जब किसी को पदोन्नति मिलती थी तो बाकायदा उनको शुभकामना और नए बैच वाले फोटो आते थे लेकिन इस बार ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। वहीं बीते दिनों कई अधिकारियों की कमिश्नरेट से रवानगी हुई पर उनकी विदाई वाली पार्टी की तस्वीरें भी देखने को नहीं मिली हैं। संभावना है कि या तो विदाई ही ना दी गई हो या फिर सोशल मीडिया से उसे दूर रखा गया हो। वैसे भी इन दिनों सोशल मीडिया पर पुलिस की फोटो और वीडियो कई तरीके के हंगामे मचा रही हैं। उधर सुनने में आया है कि जिस ऑफिस में कभी आईपीएस वाले साहब बैठा करते थे अब उसमें किसी एसीपी को जगह मिल सकती है, पर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। वहीं बताया जा रहा है कि जल्द ही एसीपी स्टार के कुछ कार्यक्षेत्र में बदलाव होने के बाद इस ऑफिस का भी




# आई.एम.एस. यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैम्पस गाजियाबाद में हुआ बी.आर.एस.आई-आई.एम.एस. वर्कशॉप का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद (युनिर्वसिटी कोर्सेस कैम्पस) में पाँच दिवसीय बी.आर.एस.आई-आई.एम.एस. वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. रमनमोहन सिंह (निदेशक, पी.सी.आई.एम.एच गाजियाबाद), डा. मनोज पाण्डेय, (सीनियर साइंटिफिक आफिसर आई.पी.सी. गाजियाबाद) एवं संस्थान के निदेशक डा. अरुण कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया।

कार्यक्रम में डा. अविनाश मिश्रा सी.इ.ओ ग्रोडिया गुरुग्राम तथा डा. मनीश प्रोफेसर इन्सटीट्यूट आफ होम इकोनामिक्स डी.यू, श्रेयांश सूयश कम्प्यूटेशनल बायोलाजिस्ट ग्रोडिया गुरुग्राम भी उपस्थित रहें। वर्कशॉप में कई आर्टिफिशियल इटेंलिजेन्स एवं ड्रग डिजाइनिंग पर चर्चा की गई।

### 'विज्ञान का जीवन में बहुत महत्व है, इस तरह के वर्कशॉप होते रहने चाहिए'

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में गाजियाबाद, दिल्ली एन.सी.आर. व वेस्ट यू.पी एवं एमपी के कालेजों से प्रोफेसर एवं साइंटिस्ट ने कार्यशाला में भाग लिया और अपने विचार व्यक्त रखे। मुख्य अतिथि डा. रमनमोहन सिंह एवं डा. मनोज पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान का हमारे जीवन में बहुत ही महत्व है, इस तरह के वर्कशॉप होते रहने चाहिए इससे हमारे समाज के सर्वांगीण विकास में इजाफा होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डा. स्वाति त्यागी द्वारा किया गया तथा विभागाध्यक्षिका डा. सुरभि जौहरी ने वर्कशॉप में उपस्थित अतिथियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें कार्यक्रम में सम्मिलित एवं सम्मानित होने के लिए धन्यवाद दिया।

# शादाब हत्याकांड : आजाद समाज पार्टी ने डीसीपी ग्रामीण कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## निजाम चौधरी ने दिया तीन दिन का अल्टीमेटम





**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में शादाब हत्याकांड के खुलासे की मांग को लेकर आजाद समाज पार्टी ने मंगलवार को डीसीपी कार्यालय का घेराव कर जमकर हंगामा किया। आरोप है कि पुलिस हत्या के आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन डीसीपी ग्रामीण को दिया। आजाद समाज पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी निजाम चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोग एकत्र होकर मंगलवार को दिल्ली मेरठ मार्ग पर मुरादनगर नमो ट्रेन स्टेशन के पास स्थित डीसीपी ग्रामीण कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया।

निजाम चौधरी ने कहा कि 31 जुलाई को सरना वाली गली कॉलोनी निवासी शादाब की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद शव के हाथ पैर बांधकर खंडहर रुम कमरे में फेंक दिया था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक हत्याकांड का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के अंदर हत्याकांड का खुलासा नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्रनाथ तिवारी को दिया। डीसीपी ग्रामीण ने बताया कि पुलिस की कई टीम काम कर रही हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। इस मौके पर संजय जाटव इतखाव कुरेशी ,विनय शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# आई.टी.एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट गाजियाबाद में 'कैंपस टू कॉरपोरेट' कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## नौकरी मांगने की जगह रोजगार प्रदाता बनें : अजय प्रसाद







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद ने मंगलवार को पीजीडीएम (2023-25) बैच के लिए री-ओरिएंटेशन कार्यक्रम - कैंपस टू कॉरपोरेटः चेंजिंग एक्सपेक्टेशंस का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठित प्रख्यात वक्ता एमेरिटस प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र पाठक (प्रोफेसर एमेरिटस एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फोर एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट एजुकेशन), गंगा निधि अग्रवाल, (विशेष कर्तव्य अधिकारी (ओएसडी) विदेश मंत्रालय (एमईए) और वायु सेना अधिकारी, साधना करवाल, (सीईओ और सह-संस्थापक ब्रांड बाजूका एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड), अजय प्रसाद (उपाध्यक्ष - एऑन संस्थापक-बी3 गैलेक्सी), सुरिंदर सूद, निदेशक-पीआर, आई.टी.एस-द एजूकेशन ग्रुप, डॉ. अजय कुमार, निदेशक, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट व संस्थान के समस्त प्राध्यापकों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन सत्र की शुरुआत डॉ. अजय कुमार, निदेशक, आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के स्वागत भाषण से हुई। डा अजय कुमार ने व्यवसाय के माहौल को बदलने में प्रगति के लिए आत्मनिर्णय और आत्म-विश्वास के महत्व पर चर्चा की। सुरिंदर सूद निदेशक- पीआर, आई. टी. एस - द एजूकेशन ग्रुप ने छात्रों को अपने संबोधन में बदलते कारोबारी माहौल में सीखने और दोबारा सीखने के महत्व पर चर्चा की।

### सफलता के लिए आउट ऑफ बॉक्स सोच को महत्व दें : गंगा निधि अग्रवाल

**करंट क्राइम।** प्रो.( डॉ.) देवेन्द्र पाठक ने अपने संबोधन में कामकाजी जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए विभिन्न विकल्प विकसित करने पर जोर दिया। गंगा निधि अग्रवाल, (ओएसडी, विदेश मंत्रालय) ने पेशेवर जीवन में सफलता पाने के लिए आउट ऑफ बॉक्स सोच के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कॉपोरेट जगत में सफलता के लिए समय की पाबंदी, समर्पण और सहक्रियात्मक दृष्टिकोण के महत्व पर भी चर्चा की। साधना करवाल ने अकादमिक शिक्षा को वास्तविक दुनिया की मांगों से जोड़ने के कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

### कार्यक्रम सत्र के समापन पर छात्रों को किया गया सम्मानित

**करंट क्राइम।** अजय प्रसाद ने सार्थक संबंधों को पोषित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मानव संसाधन और आवश्यक नेतृत्व कौशल के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सलाह दी कि नौकरी मांगने की जगह रोजगार प्रदाता बनें। इस अवसर पर आई टी एस – द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा ने शुभकामनाएं व्यक्त की और सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आई टी एस – द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रतिभागियों के उच्चतम प्रदर्शन एवं सफलता की कामना के साथ ही इस प्रकार के आयोजन हेतु प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान डा अनुषा अग्रवाल चेयरपर्सन, पी जी डी एम ने रीओरिएंटेशन कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। कार्यक्रम सत्र के समापन में पीजीडीएम छात्रों को कक्षाओं में संपूर्ण उपस्थिति बनाए रखने के लिए गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। अंत में सभी विशिष्ट अतिथियों को कृतज्ञता और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में स्मृति चिह्न और उपहार प्रदान किए गए। सत्र का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। सत्र में सभी छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।

# बांग्लादेश की संसद भंग

## पूर्व पीएम खालिदा जेल से रिहा, अमेरिका ने रद किया हसीना का वीजा

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर शुरू हुए बवाल ने प्रधानमंत्री शेख हसीना से उनकी कुर्सी छीन ली। भारी प्रदर्शन के बाद तख्तापलट हो गया। प्रधानमंत्री शेख हसीना को भाग कर भारत में शरण लेना पड़ा है। उनके बांग्लादेश छोड़ते ही पूरे देश में भारी बवाल देखा जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। वहीं शेख हसीना भाग कर भारत आ गई हैं। सोमवार को वह भारत पहुंची और वह यहां कुछ समय के लिए शरण ले सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक बाद में यहां से वह लंदन जा सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा और बांग्लादेश के हालात को लेकर मीटिंग की। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन की बात कही है।





### बांग्लादेश के हालात पर पाकिस्तानी सेना खुश

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को हटाने में अहम भूमिका निभाने वाली पाकिस्तानी सेना और उसकी बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई इस 'जीत' का जश्न मनाने के लिए अहम बैठक कर रही है। इस बैठक में आईएसआई चीफ भी पहुंचा है। सूत्रों की माने तो जमात-ए-इस्लामी और बीएनएपी के जरिए आईएसआई ने छात्रों के इस आंदोलन को हवा दी और आखिरकार शेख हसीना को जाना पड़ा।

### खालिदा जिया को जेल से रिहा किया गया

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को रिहा कर दिया गया है। इससे पहले बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया था। खालिदा जिया बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी की लीडर हैं। वह अपने भारत विरोध और पाकिस्तान परस्त नीतियों के लिए जानी जाती हैं। उनके बेटे भी बांग्लादेश पहुंचने वाले हैं। बांग्लादेश में आज ही अंतरिम सरकार बन सकती है। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार में मुख्य सलाहकार बनने के लिए सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग पर वह सहमत हुए हैं। वहीं विपक्षी बीएनपी ने मांग की है कि तत्काल संसद को भंग कर दिया जाए और अंतरिम सरकार का गठन किया जाए।

# बांग्लादेश के 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और मंदिरों को बनाया निशाना, लोगों का छलका दुख-दर्द

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा का दौर अभी भी जारी है। भीषण आगजनी के बीच हालात बेहद खराब हो गए हैं। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर डटे हुए हैं। वहीं, हालात इतने बदतर हो गए है कि देश में हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। भीड़ ने यहां के कम से कम 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमला किया और उनके कीमती सामान भी लूट लिए। वहीं, देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है।



बांग्लादेश की द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने कल शाम तेलीपारा गांव में लालमोनिरहाट पूजा उद्यापन परिषद के सचिव प्रदीप चंद्र रॉय के घर में तोड़फोड़ की और लूटपाट की।

### लोगों को पीटा जा रहा

उन्होंने कहा, 'ऐसा कोई इलाका या जिला नहीं बचा है, जहां सांप्रदायिक हमले न हुए हों। हमें घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमलों के बारे में देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार खबरें मिल रही हैं। लोग रो रहे हैं, कह रहे हैं कि उन्हें पीटा जा रहा है और उनके घरों और व्यवसायों को लूटा जा रहा है। हमारी क्या गलती है? क्या यह हमारी गलती है कि हम देश के नागरिक हैं?'

मोनिंद्र कुमार नाथ ने इस बात का उल्लेख किया कि देश में हिंदुओं को और अधिक हमलों का डर है। उन्होंने पूछा कि अगर इस तरह के हमले यहां जारी रहे तो हम कहां जाएंगे? हम हिंदू समुदाय के सदस्यों को कैसे सांत्वना देंगे?

### उपद्रवियों ने चार मंदिरों में की तोड़फोड़

बांग्लादेश में प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है।

हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ कहते हैं कि जैसे ही देशभर में शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने की खबर फैली है, जगह-जगह हिंदू मंदिरों पर हमले होने लगे हैं। हिंदुओं सहित तमाम अल्पसंख्यक समुदाय के लोग डरे हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया क ढाका के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र पर भीड़ ने हमला कर उसे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने कई जगहों पर आग लगाई है। इनमें धनमंडी स्थित बंगबंधु भवन, जिसे बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है, भी शामिल है।

### कम से कम 10 हिंदू घरों को बनाया निशाना

दिनाजपुर शहर और अन्य उपजिलों में कम से कम 10 हिंदू घरों को निशाना बनाया गया है। हमलावरों ने शहर के रेलबाजारहाट में एक मंदिर में तोड़फोड़ करने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों ने हंगामा कर रोक दिया।

## तस्लीमा नसरीन का शेख हसीना पर तंज, बोलीं

# इस्लामियों को खुश किया और मुझे देश से निकाला

**विशेष।** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन से तंज कसा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में तस्लीमा नसरीन ने लिखा कि 1999 में इस्लामियों को खुश करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मुझे देश से निकाला था। आज उन्हीं इस्लामियों ने उनको भी देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।




नसरीन ने पोस्ट में लिखा कि 1999 में जब मैं अपनी मरती हुई मां को देखने के लिए बांग्लादेश लौटी तो हसीना ने मुझे देश से निकाल दिया और दोबारा न लौटने के लिए कहा। ताकि इस्लामियों को खुश किया जा सके। अब वहीं इस्लामी छात्र उस आंदोलन का हिस्सा थे, जिसकी वजह से उन्होंने देश छोड़ा।

नसरीन ने यह भी लिखा कि हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। वह अपनी ऐसी स्थिति के लिए खुद जिम्मेदार हैं। उन्होंने इस्लामियों को पनपने दिया। उन्होंने अपने लोगों को भ्रष्टाचार में लिप्त होने दिया। अब बांग्लादेश पाकिस्तान जैसा नहीं बनना चाहिए। सेना का शासन नहीं होना चाहिए। राजनीतिक दल वहां लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता लेकर आएं।

बता दें कि लेखिका तस्लीमा नसरीन को 1994 में अपनी पुस्तक लज्जा को लेकर कट्टरपंथी समूहों से जान से मारने की धमकियां मिलने क बाद बांग्लादेश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। तब बांग्लादेश में खालिदा जिया प्रधानमंत्री थीं। तब से तस्लीमा निर्वासन में हैं।

बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध में हो रही हिंसा के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उनको बांग्लादेश छोड़कर जाना पड़ा।

# बांग्लादेश के हालात पर संयुक्त राष्ट्र ने की शांति और संयम बनाए रखने की अपील

**संरा.।** संयुक्त राष्ट्र बांग्लादेश के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और देश छोड़ने के बाद इस एशियाई देश पर लगातार नजर बनाए हुए है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि हम बांग्लादेश में शांति और संयम बनाए रखने की अपील करते हैं।

हक ने कहा, ₹हम शांति और संयम का आह्वान करते हैं। सभी पक्षों से शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति के अधिकार का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।₹ उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा बलों से ढाका और बांग्लादेश के अन्य शहरों की सड़कों पर लोगों की सुरक्षा करने की अपील करता है।संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से बयान जारी करते हुए फहरान ने कहा, ह्यहम इस समय बांग्लादेश के लोगों के साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं और हम उनके लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए पूर्ण सम्मान का आह्वान करते हैं। अभी तक देश में जो हिंसा हुई है, उसके लिए पूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जरूरत है।




हसीना के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में सत्तारूढ़ अवामी लीग के समर्थकों के बीच रविवार को झड़पें हुईं। कुछ दिन पहले भी पुलिस और ज्यादातर छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए थे। एक पखवाड़े में यहां कम से कम 300 लोग मारे गए हैं।

प्रदर्शनकारी विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके तहत 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वालों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था।




# पाक है कि मानता नहीं

## बातचीत के आग्रह के साथ परमाणु बम का खौफ दिखाया

**विशेष।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत से बातचीत के माध्यम से कश्मीर मुद्दे को हल करने का आग्रह किया है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आता है। पीएम शरीफ इस दौरान यह बताना नहीं भूले कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है।

> पीएम शरीफ इस दौरान यह बताना नहीं भूले कि पाक एक परमाणु शक्ति है

बता दें कि भारत सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के साथ ही अनुच्छेद 35ए को भी निरस्त कर दिया था। अनुच्छेद 370 निरस्त हुए पांच साल पूरे हो चुके हैं। पाकिस्तान ने 2020 में पांच अगस्त को 'यौम-ए-इस्तेहसाल' के रूप में नामित किया और भारत की कार्रवाई पर हर साल इस दिन विरोध दिवस मनाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री शरीफ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में विधायकों को टेलीविजन के जरिए संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर पीएम शहबाज ने कहा, भारत को दक्षिण एशिया में स्थायी शांति और सुरक्षा के हित में विवाद से इन्कार करने के बजाय विवाद के समाधान की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है और यह उसकी रक्षा का हिस्सा है। हालांकि, पाकिस्तान ने अपनी परमाणु शक्ति को लेकर कभी भी आक्रामकता के बारे में नहीं सोचा। इसलिए, बेहतर विकल्प यह है कि शांतिपूर्ण रास्ता अपनाया जाए और साथ बैठकर कश्मीर विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जाए।

भारत लगातार कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी जैसे संबंध चाहता है। भारत इस बात पर जोर देता रहा है कि इस प्रकार के संबंध के लिए आतंक और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद पर है।

## बांग्लादेश पर अमेरिका का रुख

# आर्थिक सहयोग जारी रहेगा हिंसा की हो निष्पक्ष जांच

**ढाका।** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन पर सधी प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में मीडिया से कहा, हम बांग्लादेश के हालात पर करीबी निगाह बनाए हुए हैं। हमने शेख हसीना के इस्तीफे की घोषणा और देश छोड़कर जाने की खबर देखी है। अमेरिका बांग्लादेश के लोगों के साथ खड़ा है। हम सभी पक्षों से हिंसा से दूरी बनाने की अपील करते हैं। पिछले सप्ताहों में कई जानें गई हैं और हम आने वाले समय में शांति बनाए रखने का अनुरोध करते हैं। मिलर ने कहा, अमेरिका बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा का स्वागत करता है और हम चाहते हैं सत्ता का हस्तांतरण वहां के कानून के अनुसार हो।



**नई सरकार के गठन में जनता की कितनी भूमिका :** उन्होंने कहा कि 'हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जो पिछले कुछ हफ़्तों में हुई हिंसा में घायल हुए हैं। अब अमेरिका हिंसा को समाप्त करने और जवाबदेही तय करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अंतरिम सरकार के बारे में सभी निर्णय लोकतांत्रिक सिद्धांतों, कानून के शासन और बांग्लादेशी लोगों की इच्छा के सम्मान में किए जाने चाहिए।

# बांग्लादेश में हिंसा ने अब तक लीं 440 जानें हालात को काबू करने की कोशिशों में जुटी सेना

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ छात्र संगठनों का प्रदर्शन लगातार जारी है। इस बीच देश में जारी हिंसा के बीच मंगलवार को मौत का आंकड़ा 440 पहुंच गया है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद विभिन्न हिंसक घटनाओं में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई। उधर, सेना द्वारा बांग्लादेश में हिंसा को नियंत्रित करने की कोशिशें भी लगातार जारी हैं।

### धीरे धीरे नियंत्रण में आ रही है स्थिति

स्थानीय खबरों के अनुसार पुलिस और सेना के जवान सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं। इस वजह से स्थिति धीरे धीरे नियंत्रण में आ रही है। बताया गया है कि बांग्लादेश में एक लंबे समय के बाद विद्यालय भी खोले गए हैं। दरअसल, देश में विवादित आरक्षण प्रणाली के विरोध में छात्रों के प्रदर्शन की वजह से विद्यालय बंद कर दिए गए थे। सोमवार को हुई अभूतपूर्व हिंसा के बाद मंगलवार को ढाका में स्थित पर काफी हद तक काबू पाया गया है। ढाका की सड़कों पर सार्वजनिक परिवहन का संचालन शुरू हो गया है। इसके अलावा सड़कों में दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें खोलना शुरू कर दिया है। वहीं, सरकारी वाहनों को भी कार्यालयों की तरफ जाते हुए देखा गया है।



सोमवार को आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान राजधानी ढाका समेत देश के अन्य हिस्सों में भड़की हिंसा के दौरान करीब 109 लोगों की मौत हुई है। उधर, रविवार को हिंसा के दौरान कुल 114 लोगों की मौत हुई थी। 16 जुलाई से शुरू हुई हिंसा की वजह से सोमवार तक कुल 440 लोगों की जान गई। बीते महीने यानी जुलाई महीने में बांग्लादेश में छात्रों के प्रदर्शनों के दौरान 200 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद बीते रविवार को बांग्लादेश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शनकारियों और आवामी लीग पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प शुरू गई थी।

### शेख हसीना के देश छोड़ते ही दोबारा भड़के दंगे

एक रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को सुबह 11 बजे से रात आठ बजे के बीच ढाका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 37 शवों को लाया गया। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि वहां विभिन्न घटनाओं में घायल हुए 500 लोगों को लाया गया था।

# इस्राइल-हिजबुल्ला में ड्रोन हमले तेज, 2 की मौत

## एक-दूसरे के ठिकाने तबाह, हमास का मंत्री अबेई अल-जरीई मारा गया

**यरुशलम।** ईरान समर्थित हिजबुल्ला कमांडर फउद शुकर व हमास प्रमुख इस्माइल हनिये की मौत के बाद इस्राइल पर कभी भी ईरानी हमले की आशंका है। इस बीच, इस्राइल व हिजबुल्ला ने सोमवार को एक-दूसरे पर हमले किए। हिजबुल्ला ने कहा, उसने उत्तरी इस्राइल पर बड़ा ड्रोन हमला किया है जबकि लेबनान के दक्षिणी गांव पर ड्रोन हमले में एक अर्धसैनिक समेत 2 की मौत हो गई।

हिजबुल्ला का दावा है कि उसने सोमवार तड़के उत्तरी इस्राइल पर ड्रोन हमले में बड़ा क्षेत्र तबाह कर दिया। हिजबुल्ला ने इस्राइल के एक सैन्य अड्डे को भी निशाना बनाया। उधर, इस्राइल ने लेबनान के मीसा अल-जबल गांव में भी हवाई हमले किए जिसमें दो लोग मारे गए। इनमें से एक इस्लामिक रिसाला स्काउट एसोसिएशन पैरामेडिक समूह का सदस्य मोहम्मद फॉजी हमादी है।



हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का संकल्प लिया। उधर, इस्राइल ने कहा कि उसने एक दिन पहले गाजा पट्टी में हवाई हमले में हमास के मंत्री अबेद अल-जरीई को भी मार डाला है।

**गाजा में अर्थव्यवस्था मंत्री था**

**हमास नेता अल-जरीई :** हिजबुल्ला का सदस्य मोहम्मद फॉजी हमादी जहां यहूदी विरोधी हिंसा के लिए जिम्मेदार रहा है वहीं हमास का मंत्री अबेद अल-जरीई सैन्य विंग के विनिर्माण विभाग में एक संचालक था। वह गाजा पट्टी में हमास का अर्थव्यवस्था मंत्री भी था। इस्राइली बल ने कहा, अल-जरीई की भूमिका गाजा पहुंचने वाली मानवीय मदद को नियंत्रित करने और हमास-नियंत्रित बाजार के प्रबंधन में हमास के प्रयासों को निर्देशित करने में भी रही है।

इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश ईरान और उसके समर्थन वाले उग्रवादी समूहों के साथ कई मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने कहा, हम हर मोर्चे पर और हर क्षेत्र में उनके खिलाफ खड़े होने के लिए दृढ़ हैं। जो कोई भी हमें क्षति पहुंचाएगा उसे बड़ी कीमत चुकानी होगी। बता दें, हिजबुल्ला के फउद शुकर और हमास के इस्माइल हनिये की मौत के बाद पिछले 10 माह से जारी इस्राइल-हमास युद्ध के अब पूर्ण क्षेत्रीय संघर्ष में बदलने की आशंका है।

ईरान व उसके समर्थक हिजबुल्ला, हूती और हमास जैसे गुटों समेत अन्य आतंकी समूहों ने इस्राइल पर बहुत जल्द बड़े हमलों की धमकी दी है। इसे देखते हुए अमेरिका ने भी अपना जहाजी बेड़ा क्षेत्र में भेजा है। इस बीच, नेतन्याहू ने कैबिनेट बैठक में कहा, हम हर स्थिति का सामना करेंगे।

# ब्रिटेन आ रहे भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी

## कहा- सतर्क रहें और सावधानी बरतें

**लंदन।** ब्रिटेन में प्रवासी नागरिकों के विरोध में हिंसक झड़पें हो रहीं हैं। यह हिंसा एक कार्यक्रम के दौरान हुए हमले में तीन बच्चियों की हत्या के विरोध में भड़की है। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए थे। इन सबके बीच, लंदन में भारत के उच्चायोग ने ब्रिटेन की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने भारत से आने वाले पयर्टकों को ब्रिटेन में यात्रा करते समय सतर्क रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि ब्रिटेन जाने वाले भारतीय सतर्क रहें और सावधानी बरतें। बीते सप्ताह उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के शहर साउथपोर्ट में तीन बच्चियों की चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद पूरे देश में हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसे देखते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है।



ब्रिटेन में प्रवासी नागरिकों के विरोध में हिंसक झड़पें हो रहीं हैं। यह हिंसा एक कार्यक्रम के दौरान हुए हमले में तीन बच्चियों की हत्या के विरोध में भड़की है।

लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा, 'भारतीय यात्रियों को ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में हाल ही में हुई अशांति के बारे में पता होगा। लंदन में भारतीय उच्चायोग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है।

भारत से आने वाले पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि वे यहां यात्रा करते समय सतर्क रहें और सावधानी बरतें। स्थानीय समाचारों और स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जारी की गई सलाह का पालन करें और उन क्षेत्रों से बचें, जहां विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।'




## 'हर घर तिरंगा' अभियान में दिखेगी सभी सरकारी विभागों की सहभागिता

# हर गाजियाबाद के निवासी को लहराना है तिरंगा : अभिनव गोपाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस-2024 के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान एवं काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम/समारोह आयोजित करने के सम्बंध में क्रियान्वयन बैठक सम्पन्न हुई।





### 'झण्डा संहिता के अनुसार ही तिरंगा फहराया जाए'

**करंट क्राइम।** अभिनव गोपाल ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि झण्डा संहिता के अनुसार ही झण्डा फहराया जाए। इसके साथ ही सेल्फी/रील्स/वीडियो/झण्डे के साथ फोटो अथवा देशभक्ति/झण्डागीत के साथ वीडियो अभियान से जुड़ी वेबसाइट https://harghartiranga.com पर अपलोड करने हेतु आम जनमानस को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि झण्डे का आकार 32 आयताकार होना चाहिए और झण्डा हाथ से कता हुआ कपड़ा, मशीन से बना हुआ कपड़ा, सूती, पॉलीस्टर, ऊनी, सिल्क आदि का हो सकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमें देशभक्ति की भावना को जागृत करते हुए पूर्व के वर्षों से भी अधिक जनपद में तिरंगे फहराने हैं, हम सबने ठाना है, जनपद को तिरंगामय बनाना है और प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर कराना है, हम सभी को इस लक्ष्य के साथ कार्य करना है। कहा कि सभी विभाग जल्द अपनी कार्य योजना की रिपोर्ट मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

### 'हर घर तिरंगा अभियान के लिए बनाई गईं जनपद स्तरीय समितियां'

**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए जनपद स्तरीय समितियां बनाई गई हैं जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी उपाध्यक्ष, पुलिस आयुक्त द्वारा नामित पुलिस उपायुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक उपाध्यक्ष, जिला पंचायती राज अधिकारी सदस्य सचिव एवं विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा नामित प्रतिनिधि, नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी/नगर पालिका/नगर पंचायत, मुख्य कार्यपालक अधिकारी छावनी परिषद, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक/जिला सूचना अधिकारी, उपनिदेशक पर्यटन/क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/पर्यटक अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी (एकीकृत बाल विकास योजना), जिला युवा कल्याण अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण, प्राचार्य आई.टी.आई., जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, समन्वयक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, समन्वयक नागरिक सुरक्षा संगठन, एन.सी.सी. के अधिकारी/एन.एस.एस. के समन्वयक एवं जिलाधिकारी द्वारा नामित उद्योग मण्डलों/व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधि सदस्य हैं।

### विभिन्न संस्थानों को 8,53,050 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए जाएंगे

**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा अवगत कराया गया कि हर घर तिरंगा यात्रा के लिए जिला पंचायती राज अधिकारी की प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी, सार्वजनिक के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेंट, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना पर विभागों को 8,53,050 राष्ट्रीय ध्वज वितरण करने व लगाने हेतु निर्देशित किया गया। सीडीओ ने बताया कि प्रस्तुत रिपोर्ट में झण्डा निर्माण स्थल, विक्रय स्थल, झण्डा वितरण, बिक्री, उपलब्धता केन्द्र आदि की जानकारी भी उपस्थित विभागों के अधिकारियों/प्रतिनिधियों को दी गई है।

### काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी पर होंगे भव्य कार्यक्रम आयोजित : मुख्य विकास अधिकारी

**करंट क्राइम।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के आयोजन के सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में क्रियान्वयन बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों/अध्यक्षों/प्रतिनिधियों में लोगो डिजाइन—सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, डाक आवरण—संस्कृति निदेशालय, काकोरी गाथा—संस्कृति निदेशालय/ माध्यमिक शिक्षा विभाग/ बेसिक शिक्षा विभाग, काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल—संस्कृति निदेशालय/ उच्च शिक्षा विभाग, वृक्षारोपण—वन विभाग, स्वातंत्र्य :कला रग :— उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी/ शिक्षा विभाग, स्वातंत्र्य : नाट्य रंग :—भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ, अभिलेख प्रदर्शनी— उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार लखनऊ, सांस्कृतिक गतिविधियां— संस्कृत निदेशालय, सम्मान समारोह—सम्बंधित जिला प्रशासन, प्रचार—प्रसार—सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को दायित्व सौंपे गए। कहा कि समस्त जनपदों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के छायाचित्र एवं विवरण संस्कृत विभाग के पोर्टल https://culturalevents.in/ पर प्रेषित किये जायेंगे। सभी विभाग अपनी-अपनी कार्य योजना शीघ्र प्रस्तुत करेंगे।

### प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जाग्रत करना ही हमारा उद्देश्य : सीडीओ

**करंट क्राइम।** मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि दिये गये लक्ष्य से अधिक करने की कोशिश करें, यह आपके सम्मान व देश के प्रति अपनी भावनाओं को उजागार करने का समय है। हमारा जनपदवासियों से आग्रह है कि पूर्व के वर्ष में लगाए गये झण्डे आपके घरों/प्रतिष्ठानों में सुरक्षित रखें होंगे। अतः उन्हें भी साफ/स्वच्छ कर अपने घरों/प्रतिष्ठानों पर फहरायें। इसके साथ ही 13 से 15 अगस्त तक सभी विभागों को साफ, स्वच्छ, प्रकाशमान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाएं।

## नगर आयुक्त ने की जनता से मुलाकात, योजना से होगा सबका विकास

# नगर आयुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को लेकर गालंद के निवासियों के साथ की चर्चा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गालंद के ग्रामवासियों से मुलाकात की। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के विषय में विस्तार से चर्चा हुई। ग्राम के विकास कार्यों को लेकर भी सुझाव रखे गए। मौके पर जनकल्याण किसान वेलफेयर एसोसिएशन की टीम भी उपस्थित रही। वार्ता में अन्य कई स्थानों पर इसी प्रकार कूड़े से बिजली बनाने का कार्य चल रहा है जो कि सफल हो रहा है। आसपास के क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। नगर आयुक्त ने विस्तार से सभी ग्रामीण वासियों को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के बारे में बताया। मौके पर ही वीडियो चलाकर डेमो भी दिया गया। गुजरात जाम नगर में बिना किसी परेशानी के कूड़े से बनाई जा रही बिजली के बारे में बताया। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश तथा डॉक्टर अनुज उद्यान प्रभारी भी उपस्थित रहे। मौके पर ग्राम के अन्य निवासी भी उपस्थित रहे।

### नगर आयुक्त ने वार्ता में गालंद निवासियों के एक्सपोजर विजिट के लिए रखा प्रस्ताव, दिल्ली गुजरात गोवा इंदौर का दिया सुझाव

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने बताया कि सौहार्दपूर्ण माहौल में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की योजना पर गालन्द के ग्रामीणवासियों से बातचीत हुई जिसमें कूड़े से किसी प्रकार की गंदगी नहीं फैलेगी बनने वाले प्लांट में भी पूर्ण रूप से सफाई का ध्यान रखा जाएगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र का भी विकास होगा। किसी प्रकार की असुविधा ग्रामीण वासियों को नहीं होगी युवाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे अन्य लाभ भी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनने पर होगा विस्तार से उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। किसी प्रकार का कन्फ्यूजन ना हो योजना से ना गंदगी का डर होगा और ना ही किसी प्रकार की असुविधा विस्तार से समझाया गया। जिस पर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के बारे में पूर्ण जानकारी हेतु इंदौर गुजरात गोवा व अन्य का स्थान का उदाहरण भी दिया गया।

### गालंद के किसानों ने किया नगर आयुक्त के सुझावों का स्वागत, सर्वसम्मति से लिया जाएगा निर्णय

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त ने यह भी बताया कि ग्रामीण वासियों ने गालंद में बनने वाले वेस्ट टू एनर्जी प्लांट को लेकर प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की अपनी समस्याओं में डंपिंग ग्राउंड फैलने वाली गंदगी, बदबू का विषय रखा जिस पर उदाहरण देने के साथ-साथ उनको योजना के बारे में विस्तार से बताया गया, नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित गालंद ग्रामीण वासियों के समक्ष एक्सपोजर विजिट का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसमें गुजरात दिल्ली इंदौर गोवा में चल रहे वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पर विजिट करने के लिए सुझाव भी दिया, ताकि पूर्ण जानकारी ग्रामीण वासियों को हो सुझाव दिया गया जिस पर उपस्थित ग्रामीणवासियों ने नगर आयुक्त के सुझाव का स्वागत करते हुए आपसी विचार विमर्श करने तथा टीम गठित करने के उपरांत निर्णय लेंगे तथा नगर आयुक्त को अवगत कराएंगे।

### कूड़े से बनेगी बिजली नहीं होगी गंदगी, नगर आयुक्त ने ग्रामवासियों से की सहयोग की अपील

**करंट क्राइम।** बातचीत के दौरान नगर आयुक्त ने ग्रामीण वासियों को समझाया कि उक्त स्थान पर डंपिंग ग्राउंड नहीं बनाया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम की अपनी जमीन पर वर्तमान में केवल बाउंड्री का कार्य किया जाएगा। उसके उपरांत आगामी योजना को बनाते हुए जनहित में कार्य किया जाएगा किसी प्रकार का डंपिंग ग्राउंड नहीं बनाया जा रहा है वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनाने की योजना है जिसमें नगर आयुक्त द्वारा ग्रामवासियों से पूर्ण सहयोग की अपील भी की है। ग्रामवासियों ने सभी बातों को समझते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा अन्य ग्राम वासियों से व आसपास के क्षेत्र में वार्ता करने के उपरांत निर्णय लिया जाएगा नगर आयुक्त को अवगत कराया, मौके पर जनकल्याण किसान वेलफेयर समिति के अध्यक्ष राजीव तोमर द्वारा नगर आयुक्त के सुझावों का स्वागत करते हुए विचार करने के लिए समय लिया, साथ मे बृजमोहन सिंह तोमर, हरिओम प्रदीप आकाश तोमर, सोनू, सत्येंद्र शर्मा व अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। युवाओं में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनाने की योजना को लेकर जागरूकता देखी गई तथा उत्साह भी देखा गया जिसके क्रम में उपस्थित जनों ने कुछ समय बाद निर्णय लिया जाएगा निगम अधिकारियों को बताया, मौके पर क्षेत्र के एसडीएम तहसीलदार में अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने लगातार किए विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम

## मूर्ति लगाने का एक ही उद्देश्य होता है महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चलना : सुरेश कुमार कश्यप







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार कश्यप ने कांवड़ यात्रा के प्रारंभ में हरिद्वार जाकर भंडारा किया एवं शिव भक्तों को प्रसाद वितरण कर बोले आपकी यात्रा मंगलमय हो। जनपद शामली में जाकर स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्या सुनकर उनका निवारण किया। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बदायूं, कासगंज, हरिद्वार, देहरादून में विभिन्न कार्यक्रम करे। सुरेश कश्यप ने कहा कि मेरा उद्देश्य हमेशा समाज को शिक्षित और विकसित करना रहा है। बदायूं एवं देहरादून,मुजफ्फरनगर में भगवान महर्षि कश्यप एकलव्य गुरु कालू बाबा की मूर्ति स्थापित करना मेरा एकमात्र उद्देश्य। केवल समाज को महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा देने के लिए मूर्ति लगाना मेरा उद्देश्य है। केवल समाज की उन्नति हो, क्योंकि मूर्ति लगने से स्थानीय निवासी महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चल सके उनसे प्रेरणा मिलती है समाज बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा।

# आयुष डिस्पेंसरी भवन की मांग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 72 की पार्षद कुसुम गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आयुष डिस्पेंसरी के भवन की मांग की है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि आयुष डिस्पेंसरी के लिए वार्ड में जीडीए का मकान को आवंटन किया था। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा चिकित्सा विभाग को चार मकान सेक्टर एक वैशाली कामना में जिनका नंबर 115 116 117 118 है। आवंटित किए गए थे चिकित्सा विभाग की लापरवाही से इन भवनों में कोई भी चिकित्सा का कार्य आरंभ नहीं हो पाया रहा है। जिसकी वजह से जीडीए द्वारा 30 /10/ 2010 को इनका आवंटन निरस्त कर दिया गया। मकान खाली पड़े हैं, इनको आयुष मंत्रालय के तहत आने वाले आयुष डिस्पेंसरी खुले जिसे क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके। हमारे वार्ड में कोई भी सरकारी चिकित्सा की सुविधा नहीं है, अगर यह सुविधा लोगों को मिल जाएगी, काफी लोगों को इसका लाभ मिलेग। पत्र की प्रतिलिपि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को दी गईं।

# जीडीए ने अवैध निर्माण पर की सख्त प्रशासनिक कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के लिए उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार प्रवर्तन जोन-2 की प्रभारी कनिका कौशिक ने मंगलवार को जोन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुरादनगर क्षेत्र में मेरठ-दिल्ली मार्ग, निकट मेट्रो होम, ग्राम-सैंथली के खसरा संख्या 618 पर राजेन्द्र द्वारा लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में किये जा रहे निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध योजित वाद 08/अ.नि./प्रवर्तन जोन-2/2023-24 के क्रम में विधिवत ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सुपरवाइजर स्टाफ को निर्देशित किया गया कि सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाइयां जारी रहेंगी। तत्क्रम में निर्माणकर्ताओं / विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद. विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में भवनों का क्रय-विक्रय न करें।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव इन दिनों पंजाबी मूवमेंट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने पंजाबी चैनल भी बनाया है और वो पंजाबी समाज की सियासी आवाज भी बन रहे हैं। बीजेपी नेता अजय कालरा के जन्मदिन पर हिमांशु लव ने उन्हें पंजाबी समाज का सिरमौर बताया और जन्मदिन की बधाई दी। इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वार्ड 57 में लगे कूड़े के ढेर, एक माह से नहीं उठ रहा कूड़ा







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 में कचरे की समस्या का समाधान नहीं आम नागरिक ही नहीं, इलाकों के पार्षद तक परेशान हैं। कई इलाकों से कचरा नहीं उठ पा रहा है. न घर घर से कचरा उठ रहा है और न पड़ाव स्थलों से. इसकी वजह से आम नागरिक ही नहीं, इलाकों के पार्षद तक परेशान हैं। नगर निगम को लगातार इसकी शिकायतें मिल रही हैं, ठेकेदारों की नकेल नहीं कसी जा रही है, जिससे कचरे की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वार्ड में घर घर से पड़ाव स्थलों तक से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है. क्षेत्र के पार्षद राधेश्याम त्यागी लगातार इसकी अफसरों से शिकायत कर रहे हैं। यहां लोगों भी कचरे की फोटो शेयर की मगर ठेकेदारों पर कोई असर नहीं हो रहा है। गाड़ियां कूड़ा उठाने नहीं जा रही है, वार्ड में कभी सफाई कर्मचारी पूरे नही आते है। जिसके कारण वार्ड की सफाई व्यवस्था लचर है, मकनपुर का तालाब कचरे से पट गए हैं। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया एक माह से वार्ड का कूड़ा नही उठ रहा मकनपुर का एक तालाब है जो कूड़ा घर बना दिया गया है। इस कि शिकायत कई बार सम्बंधित अधिकारी को की है लेकिन शिकायत का अधिकारियों पर कई असर नही होता। बरसात के मौसम में कूड़ा ना उठने से क्षेत्र में फैल रही बदबू।